yashbharat.co.in

नये जमाने के साथ..

# यश भारत

• वर्ष- 19 अंक-101 • जबलपुर • सोमवार, 12 मई, 2025 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • बैशाख पूर्णिमा • विक्रम संवत् 2082



## भारत-पाकिस्तान के DGMO की बातचीत शुरू

# आतंकवाद, आतंकी ठिकानों पर चर्चा

*नई दिल्ली, एजेंसी। सीजफायर के बाद पाकिस्तान बॉर्डर से सटे इलाकों में हालात सामान्य हैं। 11 मई की रात पाकिस्तान की ओर से कोई हरकत नहीं की गई। सेना ने सोमवार सुबह कहा- बीती रात जम्मू-कश्मीर और इंटरनेशनल बॉर्डर पर पूरी तरह शांति रही। कोई भी घटना सामने नहीं आई।राजस्थान, पंजाब, जम्मू-कश्मीर के बॉर्डर से लगे इलाकों में 11 मई से हालात नॉर्मल हैं। बाजार खुलने लगे हैं और सामान्य गतिविधियां शुरू हो गई हैं।सीजफायर पर दोनों देशों के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस आज दोपहर 12 बजे से फोन पर बात कर रहे हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच हो रही डीजीएमओ बैठक में सीजफायर, दोनों देशों में तनाव, आतंकवाद, आतंकी ठिकानों पर चर्चा होगी।*

ताजा हालातों और आगामी रणनीति पर बात होगी। बैठक में दोनों देश बड़ा फैसला ले सकते हैं।बातचीत की जानकारी दोपहर 2.30 बजे प्रेस ब्रीफिंग में दी जाएगी। बातचीत में कोई अन्य देश शामिल नहीं होगा। भारत-पाकिस्तान के बीच 10 मई को संघर्ष विराम हुआ था। मिलिट्री सोर्स ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने 12 एयरबेस से ड्रोन लॉन्च किए थे। इससे पहले 10 मई की शाम 6.30 बजे तीनों सेनाओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें बताया गया था कि ऑपरेशन सिंदूर जिस वजह से लॉन्च किया गया, वो लक्ष्य हासिल कर लिया गया।

**जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलेगा भारत-** इंडियन एयरफोर्स ने देशवासियों को अफवाहों से बचने की अपील की है। साथ ही बताया गया कि ऑपरेशन सिंदूर 7 मई से शुरु हुआ था और 10 मई तक पाकिस्तान की गोलीबारी, गोलाबारी और हमले में भारतीय सेना के 7 जवान (5 आर्म्ड फोर्सेस, 2 ब्रूस्र) शहीद हो चुके हैं। 60 जवान



घायल हैं और 27 आम लोगों की जान जा चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी स्पष्ट कर चुके हैं कि भारत अब आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलेगा। यह नया भारत है, जो आतंकवाद के खिलाफ सरहद के इस पार और उस पार दोनों तरफ प्रभावी कारवाई करेगा। दूसरी ओर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को चिट्ठी लिखकर ऑल पार्टी मीटिंग और संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। आज दोपहर 2.30 बजे तीनों सेनाओं की प्रेस ब्रीफिंग होने वाली है। इसके बाद भारत-पाकिस्तान के बीच एकबार फिर से हॉटलाइन के जरिए बात की जाएगी। सैनिक हॉटलाइन जिसे मिलिटरी हॉटलाइंस भी कहा जाता है। दो देशों की सीमा के बीच संवाद करने का एक माध्यम होता है। इसमें बॉर्डर पर तनाव या आतंकी गतिविधियों के कारण हुए तनाव को कम करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाला चैनल होता है। यह एक महत्वपूर्ण संवाद चैनल होता है, जो गलतफहमी और टकराव से बचने में मदद करता है।

**कौन करता है हॉटलाइन पर बात-** हॉटलाइन एक संचार माध्यम है। इसमें बात करने का अधिकार सिर्फ DGMO (डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिटरी ऑपरेशन्स) को होता है। कोई भी आम नागरिक इस पर बात नहीं कर सकता है और न ही कोई अन्य सैनिक। यह बातचीत पूर्णता सिक्योर और कॉनफिडेंशल होती है।

### सीजफायर के बाद रही शांति

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय सेना ने बताया, च्जम्मू-कश्मीर और अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे अन्य इलाकों में रात काफी हद तक शांतिपूर्ण रही। किसी घटना की खबर नहीं है, हाल के दिनों में यह पहली शांत रात है।ज्जम्मू में रात भर कोई ॅस बॉर्डर फायरिंग नहीं हुई । सीजफायर के बाद भी पंजाब और राजस्थान आज भी अलर्ट पर है। किसी घटना की खबर नहीं है, हाल के दिनों में यह पहली शांत रात है।आज सुबह लोग हर रोज की तरह घरों से बाहर निकले। लोग अपने रोजमर्रा के काम करते नजर आए। बीती रात पाकिस्तान की ओर से न फायरिंग की गई और न ही गोले फेंके गए।

### अपने घर लौटने लगे प्रवासी

भारत पाकिस्तान में सीजफायर के बाद भी उत्तर प्रदेश-बिहार के प्रवासी मजदूर अपने घर वापस जा रहे हैं। आज सुबह पंजाब के जालंधर, अमृतसर, लुधियाना और पठानकोट रेलवे स्टेशनों पर प्रवासियों की भी? नजर आई। लोगों का कहना है कि उन्हें जान जाने का खतरा महसूस हो रहा है, इसलिए वे अपने घर जा रहे हैं। माहौल ठीक होने पर लौट आएंगे। बता दें कि इससे पंजाब में 1 जून से शुरू हो रहे धान के सीजन पर असर पड़ सकता है। धान रोपाई के लिए मजदूरों की कमी किसानों को झेलनी पड़ सकती है। कमर्शियल इंडस्ट्रीज को भी परेशानी उठानी पड़ेगी।

### सीजफायर के 43 घंटे बाद 32 एयरपोर्ट्स खोले गए, बुकिंग शुरू


**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के 43 घंटे बाद सोमवार को 9 राज्यों के 32 एयरपोर्ट्स खोल दिए गए हैं। एयरलाइंस कंपनियों की तरफ से यात्रियों के लिए बुकिंग शुरू कर दी है। 32 एयरपोर्ट्स के लिए एयरलाइन सर्विसेज 9 मई से 15 मई की सुबह .29 बजे तक बंद की गई थीं। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने सोमवार को प्रेस रिलीज के जरिए एयरपोर्ट्स खोलने की जानकारी दी। इसमें बताया कि 15 मई तक बंद 32 एयरपोर्ट्स अब तत्काल प्रभाव से एयरक्राफ्ट ऑपरेशन्स के लिए उपलब्ध हैं। यात्रियों को फ्लाइट्स की जानकारी के लिए एयरलाइन कंपनियों की वेबसाइटों देखने के लिए कहा गया है।

भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए 7 मई को पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक की थी। पाकिस्तान ने भी जवाबी हमला किया। दोनों देशों के बीच 10 मई तक संघर्ष चला। 10 मई की शाम 5 बजे भारत-पाकिस्तान ने सीजफायर (संघर्ष विराम) की घोषणा की थी।

### भारत और पाकिस्तान के बीच कम हुए तनाव के बाद सामने आया अमेरिकी विदेश विभाग का बयान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम हो गया है। बीती रात बॉर्डर एरिया में शांति रही है और पाकिस्तान ने कोई गड़बड़ी नहीं की है। इस बीच भारत और पाकिस्तान के बीच बनी सहमति पर अमेरिकी विदेश विभाग का बयान सामने आया है।













## छत्तीसगढ़ में माजदा और ट्रेलर में भीषण टक्कर

# 14 लोगों की मौत, 30 घायल

### बड़ा हादसा खरोरा में चौथिया से लौट रहे ग्रामीण हुए हादसे का शिकार





रायपुर • यशभारत
yashbharat.co.in

छत्तीसगढ़ की राजधानी से लगे रायपुर-बलौदाबाजार मुख्य मार्ग पर रविवार रात लगभग 12.15 बजे भीषण सड़क हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को रायपुर मेडिकल अस्पताल लाया गया है। यह हादसा उस वक्त हुआ जब ग्राम चटौद के ग्रामीण एक स्वराज माजदा वाहन से विवाह समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। हादसे में कुछ घायलों की हालत गंभीर है। मृतकों में सबसे ज्यादा महिलाएं हैं।

**50 से अधिक लोग थे सवार-** हादसे के समय माजदा वाहन में 50 से अधिक लोग सवार थे, जो शादी पश्चात आयोजित छट्ठी कार्य म से लौट रहे थे।हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। कई लोग वाहन में फंसे रह गए जिन्हें ग्रामीणों और पुलिस की मदद से बाहर निकाला गया।

**इलाज जारी, मौके पर अफसर तैनात-** घायलों को तत्काल खरोरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और रायपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। खरोरा पुलिस मौके पर मौजूद है और राहत-बचाव कार्य जारी है। वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल में पहुंच गए हैं। मृतकों में 4 बच्चे और 9 महिलाएं शामिल हैं। जैसे ही ट्रक और ट्रेलर में टक्क र हुई तो तेज आवाज हुई तो स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और हादसे के शिकार लोगों की मदद की। ये हादसा तब हुआ जब मालवाहक चौथियाछट्टी से एक कार्य म में शामिल होकर लौट रहा था। सामने से आ रहे ट्रेलर की मालवाहक के भीषण टक्क र हो गई। खरोरा में हुए भीषण सड़क हादसे की खबर के बाद से ही रायपुर में हड़कंप मच गया है। हाससे में 10 लोगों के घायल होने की भी खबर सामने आई है।

**मौके पर हुई 14 लोगों की मौत-** रायपुर के बदौलाबाजार रोड, सारागांव के पास मालवाहक और ट्रेलर में भीषण टक्क र हुई जिसमें मौके पर ही 14 लोगों की जान चली गई। ये घटना बहुत ही भयावह थी जिससे वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। वहीं कई लोग घायल भी हुए हैं जिन्हें आनन-फानन में रायपुर के डॉ. बीआर अंबेडकर मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। कुछ की हालत नाजुक बनी हुई है।

**स्थानीय लोगों ने की मदद-** मिली जानकारी के अनुसार, जैसे ही हादसा हुआ तो तेज आवाज सुन स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने पहले पुलिस को इस दुर्घटना की सूचना दी और फिर घायल लोगों की मदद की। लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। अभी तक इस बारे में इतनी सटीक जानकारी नहीं आई है कि हादसा हुआ कैसे और किसकी गलती है।

### भारत पाक में तनाव के बीच ट्रंप का दवाइयों को लेकर बड़ा ऐलान, अमेरिका में 30% होंगी सस्ती

**वाशिंगटन • एजेंसी**
yashbharat.co.in

अमेरिका में दवाइयां 30 प्रतिशत सस्ती होने जा रही हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुलासा किया कि वह प्रिस्क्रिप्टिड और फार्मा प्रोडक्ट्स की कीमतें कम करने के लिए कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने रविवार को अपने फैसले के बारे में देशवासियों को बताया और कहा कि आदेश पर साइन करते ही दवाइयों की कीमतें तुरंत कम कर दी जाएंगी। कई सालों से देख रहा हूं कि संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रिस्क्रिप्टिड ड्रग्स और फार्मास्यूटिकल्स के दाम अन्य देश की तुलना में काफी ज्यादा हैं, लेकिन क्यों हैं, यह आज तक समझ नहीं पाया। कभी-कभी एक कंपनी द्वारा एक प्रयोगशाला या प्लांट में निर्मित एक दवा की तुलना में 5 से 10 गुना ज्यादा महंगी होती हैं? ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट लिखी, जिसमें उन्होंने बताया कि फार्मा कंपनियां रिसर्च और निर्माण लागत को दवाइयों की ऊंची कीमतों का कारण बता रही हैं।

## कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को कहा अलविदा




पिछली टेस्ट सीरीज में 25 रन से कम का औसत रहा, 123 टेस्ट में लगा चुके 30 शतक

### इंग्लैंड दौरे से पहले लिया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली, ईएमएस।** विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है। कोहली ने इंग्लैंड दौरे से पहले यह बड़ा फैसला लिया है। रोहित शर्मा के बाद कोहली का टेस्ट से संन्यास लेना भारतीय टीम के लिए बड़ा झटका है। कोहली क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में लंबे समय से रनों के लिए जूझ रहे थे। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में कोहली का बल्ला पूरी तरह से खामोश रहा था। वहीं, ऑस्ट्रेलिया की धरती पर खेली गई बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में भी किंग कोहली कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके थे। कोहली ने अपने इंस्टाग्राम पर एक लंबा पोस्ट लिखते हुए टेस्ट से रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया। कोहली का बल्ला क्रिकेट का सबसे लंबे फॉर्मेट में काफी समय से खामोश चल रहा था। वहीं, रोहित शर्मा के संन्यास के बाद कोहली के रिटायरमेंट को लेकर भी अटकलें तेज हो गई थीं।

### विराट ने लिखा भावुक पोस्ट

विराट कोहली ने अपने इंस्टाग्राम पर भावुक पोस्ट लिखा। उन्होंने लिखा, च्टेस्ट ि केट में इस ब्लू जर्सी को मैंने 14 साल पहले पहना था। ईमानदारी से कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह फॉर्मेट मुझे इतनी ऊंचाइयों तक लेकर जाएगा। इस फॉर्मेट ने मुझे टेस्ट किया, मेरे करियर को शेप दिया और मुझे कई ऐसी सीख दीं, जिन्हें मैं अपनी आगे की जिंदगी में याद रखूंगा। सफेद जर्सी में खेलना मेरे लिए निजी तौर पर काफी खास रहा है। चुपचाप मेहनत करना, लंबे दिन, छोटे-छोटे मोमेंट जिनको कोई नहीं देखता है, लेकिन वह हमेशा आपके साथ रहते हैं। कोहली ने आगे लिखा, मैं इस फॉर्मेट से खुद को दूर कर रहा हूं और यह मेरे लिए आसान नहीं है। हालांकि, इस समय यह सही लग रहा है। मैंने अपना सबकुछ इस फॉर्मेट को दिया, जो भी मेरे पास था और बदले में इस फॉर्मेट से मुझे बहुत कुछ मिला, जिसकी शायद मैंने उम्मीद भी नहीं की थी। मैं इस फॉर्मेट से अलविदा ले रहा हूं, लेकिन मेरा दिल कृतज्ञता से भरा हुआ है। इस गेम के लिए और उन लोगों के लिए, जिनके साथ मैंने फील्ड शेयर की, इसके साथ ही उन सभी लोगों का भी धन्यवाद जो इस रास्ते में मेरे साथ चले। मैं हमेशा ही अपने टेस्ट करियर की तरफ मुड़कर स्माइल के साथ देखूंगा।

### एनआईएके हाथ लगी बड़ी सफलता

## खालिस्तानी आतंकी कश्मीर सिंह गलवड्डी को किया गिरफ्तार



नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार को खालिस्तानी आतंकवादी कश्मीर सिंह गलवड्डी को गिरफ्तार किया। वह विदेशी बब्बर खालसा आतंकवादी हरविंदर सिंह संधू उर्फ रिंदा से जुड़ा हुआ था। वह 2016 में नाभा जेल से भागने वाले कुख्यात अपराधियों में से एक था। बता दें कि यह सफलता तब मिली जब एनआईए ने मोतिहारी पुलिस के साथ मिलकर मोतिहारी बिहार से खालिस्तानी आतंकी साजिश के मामले में लुधियाना, पंजाब के कश्मीर सिंह गलवड्डी को गिरफ्तार किया। एनआईए ने कहा कि नाभा जेल से भागने के बाद से कश्मीर सिंह रिंदा सहित नामित खालिस्तानी आतंकवादियों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ था।

### एनआईए ने किया खुलासा

एनआईए ने कहा कि जांच में आतंकवाद-अपराधी गठजोड़ का खुलासा हुआ है, जिसमें पता चला है कि ये आतंकी समूह संगठित आपराधिक गिरोहों के साथ मिलकर देश के विभिन्न हिस्सों में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए सीमा पार से हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक, आईईडी आदि जैसे आतंकी हार्डवेयर की तस्करी में लगे हुए थे। एनआईए की दिल्ली स्थित विशेष अदालत ने 2022 के आतंकी साजिश मामले में कश्मीर सिंह को भगोड़ा घोषित किया था और पिछले कुछ वर्षों में उसके खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट भी जारी किए थे। एनआईए ने उसकी गिरफ्तारी में मदद करने वाली सूचना देने वाले को 10 लाख रुपये का नकद इनाम भी देने की घोषणा की थी।

### एनआईए ने कश्मीर सिंह गलवड्डी को किया गिरफ्तार

जांच एजेंसी द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि नेपाल, कश्मीर में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) और रिंदा के आतंकी गिरोह का एक महत्वपूर्ण नोड एनआईए मामले में साजिश में शामिल होने, खालिस्तानी आतंकवादियों के सहयोगियों को आश्रय, रसद सहायता और आतंकी फंड प्रदान करने से संबंधित भूमिका के लिए घोषित अपराधी था। एनआईए ने कहा कि ये सहयोगी पंजाब पुलिस खुफिया मुख्यालय पर आरपीजी (रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड) हमले सहित भारत में विभिन्न आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के बाद नेपाल भाग गए थे। एनआईए ने कहा कि बीकेआई, खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन (आईएसवाईएफ) जैसे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के प्रमुखों/सदस्यों की आतंकवादी गतिविधियों की जांच के लिए अगस्त 2022 में आतंकी साजिश का मामला स्वत: संज्ञान लेते हुए दर्ज किया था।

## शेयर बाजार में उछाल, सेंसेक्स में 1800 अंक की तेजी, युद्ध रुकने का दिखा असर

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान पर भारतीय सेना के जबरदस्त प्रहार और उसके बाद सीजफायर हो



जाने का असर शेयर बाजार में भी देखने को मिल रहा है। भारतीय शेयर बाजार आज जबरदस्त उछाल के साथ खुला है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक सेंसेक्स आज 1349 अंक की बढ़त लेकर 80,803 पर खुला। बाजार खुलते ही मार्केट में भारी खरीदारी देखी गई। इससे सेंसेक्स 2.20 फीसदी या 1753 अंक की बढ़त के साथ 81,207 पर पहुंच गया। सेंसेक्स पैक के 30 शेयरों में से 29 में तेजी और 1 में गिरावट देखने को मिली। उधर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी शुरुआती कारोबार में 2.38 फीसदी या 571 अंक की तेजी के साथ 24,575 पर ट्रेड करता दिखाई दिया।

**इन शेयरों में दिखी तेजी-** सेंसेक्स पैक के शेयरों में सबसे अधिक तेजी अडानी पोर्ट्स में 4.43 फीसदी देखने को मिली। इसके बाद एक्सिस बैंक में 3.70 फीसदी, बजाज फाइनेंस में 3.53 फीसदी, बजाज फिनसर्व में 3.44 फीसदी, जोमैटो में 3.41 फीसदी, पावरग्रिड में 3.24 फीसदी, कोटक बैंक में 2.56 फीसदी, एसबीआई में 2.28 फीसदी और टीसीएस में 2.04 फीसदी की तेजी देखने को मिली।

## मप्र में बदले जाएंगे भर्ती के नियम, सभी विभागों के लिए होगी समान नियमावली




भोपाल • यशभारत
yashbharat.co.in

### समान नियमावली से भर्ती प्रक्रिया में आएगी पारदर्शिता

मध्य प्रदेश के सभी विभागों में कर्मचारियों की भर्ती के नियम समान करने की तैयारी है। इसके लिए आदर्श भर्ती नियमावली बनाई जा रही है। शासन ने इसकी जिम्मेदारी सामान्य प्रशासन विभाग को दी है। इसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों से इस बारे में सुझाव मांगे हैं। दरअसल, प्रदेश में विभिन्न विभागों में अगले दो-तीन साल में करीब ढाई लाख पदों पर भर्तियां होनी हैं। इसके लिए ही सभी विभागों के भर्ती नियम एक जैसे करने का निर्णय लिया गया है, ताकि कोई नियमसंगत समस्या खड़ी न हो। ऐसा इसलिए, क्योंकि अब तक कई विभागों में भर्ती के कुछ नियमों में भिन्नता है।

#### कुछ नियम अलग-अलग हैं

मसलन, वन विभाग, शिक्षा विभाग और नगर तथा ग्राम निवेश सेवा भर्ती के कुछ नियम अलग-अलग हैं। इनके आधार पर राज्य लोक सेवा आयोग और कर्मचारी चयन मंडल भर्ती नियम तैयार करके अलग-अलग विज्ञापन निकालते हैं। नियम अलग होने से इन चयन एजेंसियों को विभागवार भर्ती करने में परेशानी होती है और समय भी अधिक लगता है। चूंकि, अब प्रदेश में बड़े पैमाने पर भर्तियां होनी हैं, इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि सभी विभागों के भर्ती नियमों में एकरूपता रहे ताकि भर्ती विज्ञापन जारी करने में विलंब न हो। एक जैसी प्रकृति के विभागों के लिए भर्ती एक साथ करवा दी जाएंगी।

#### रिपोर्ट के आधार पर भर्ती नियमों को देंगे अंतिम रूप

इससे समय और संसाधन की बचत होगी। इसे देखते हुए सामान्य प्रशासन विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। सेवानिवृत्त अधिकारियों की एक समिति भी बनाई गई है, जो नियमों का अध्ययन करके रिपोर्ट देगी। इस रिपोर्ट के आधार पर भर्ती नियमों को अंतिम रूप दिया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, नियमों की समानता सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए लागू की जाएगी।

#### चयन भर्तियों में किया जा चुके हैं बदलाव

बता दें कि हाल ही में राज्य लोक सेवा आयोग और कर्मचारी चयन मंडल की परीक्षाओं को लेकर कुछ बदलाव किए गए हैं। इनके अंतर्गत अब वर्ष में केवल एक बार होंगी। इससे अभ्यर्थियों को बार-बार परीक्षा और फीस नहीं देनी होगी। जनवरी 2026 से नई व्यवस्था लागू करने की तैयारी है। इससे भर्ती प्र या पारदर्शी और समय पर होगी। यह कदम अभ्यर्थियों के हित में माना जा रहा है।

# जी का जंजाल तारों का मकड़जाल

**जबलपुर यश भारत।**

**शहर में जहां तहां लगे बिजली के खंबो में जिस तरह से तारों का मकड्जाल नजर आता है वह लोगों के लिए खासकर विद्युत उपभोक्ताओं के चीज का जंजाल बना हुआ है। तारों की इस मकड़जाल के कारण एक तरफचाहे जब विद्युत व्यवधान उत्पन्न हो जाता है तो दूसरी तरफ सुधार कार्य करन आने वाले विद्युत कर्मियों को भी काफी मशक्कत करनी पड़ती है। और उन्हें भी फाल्ट ढूंढने में काफी समय लग जाता है। तारों के मकड़जाल के कारण आए दिन शाटसर्किट जैसी समस्याओं के साथ ही चिंगारियां निकलने की बात भी आम है। आश्चर्य की बात तो यह है कि इस अव्यवस्था की तरफध्यान देने की फुर्सत किसी को नहीं है।**



### तेज हवा चलते ही अस्त व्यस्त हो जाती है लाइन

शहर में यदि जरा भी आंधी या तेज हवा चली नहीं की तारों के मकड़जाल के कारण लाइन अस्त व्यस्त हो जाती हैं और फिर शुरू होती है आम आदमी की परेशानी किसी का टीवी बंद हो जाता है तो किसी का वाई-फाई काम करना बंद कर देता है तो कोई अंधेरे में समय गुजारने के लिए मजबूर हो जाता है कुल मिलाकर देखा जाए तो देखने में भले ही यह उतनी गंभीर न लगे लेकिन समस्या बड़ी है।

### केबल इंटरनेट के वायरों का गुच्छा

विद्युत पोल पर जमा तारों के जाल पर नजर डाली जाए तो इसमें बिजली कनेक्शन के तार बस नहीं है केबल का वायर हो वाई-फाई कनेक्शन का तार या की फिर डिस्क वालों की लाइने सभी एक जगह गुत्थम गुत्था होकर परेशानी बढ़ाने वाली साबित हो रही है। डिस्क का वायर सुधारने वाला आता है तो बिजली के तारों को अस्तव्यस्त कर जाता है तो कभी वाईफाई वाले और इन सब बातों का विपरीत है असर जिस पोल में इस तरह की अव्यवस्था है वहां आसपास के विद्युत उपभोक्ताओं पर पड़ती है।

यदि किसी कारण से किसी के घर की बिजली पोल से डिस्कनेक्ट हो जाए और वह विद्युत विभाग में शिकायत करें तो वहां से आने वाले सुधार कर्मियों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। उसे एक-एक बायर हटाकर पहले चेक करना पड़ता है कि फाल्ट किस लाइन में है इसमें उनका भी काफी समय बर्बाद होता है। विद्युत पोलों पर नजर आने वाली इस अव्यवस्था के लिए कौन जिम्मेदार है इसके बारे में कोई भी सही जानकारी नहीं दे पाता कोई कहता है विद्युत विभाग की परमिशन से प्राइवेट मोबाइल कंपनियां और केवल ऑपरेटर तार फैला रहे हैं तो कोई इसका ठीकरा नगर निगम पर फोड़कर यह कहकर अपना पल्लू झाड़ लेता है कि इसकी परमिशन नगर निगम के द्वारा दी गई है अब वास्तविकता क्या है यह तो नगर निगम या विद्युत विभाग ही जाने लेकिन यह समस्या एक बड़ी समस्या बनकर सामने आ रही है जिस पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

## विवाह समारोह में झगड़ा, दो भाई घायल

**जबलपुर, (यशभारत)।** पाटन थाना अंतर्गत भगवान दास मैरिज गार्डन में विवाह समारोह में खाना खा रहे, दो भाईयों पर बीच बचाव करने के दौरान अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया, जिससे वे घायल हो गये.

पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम टिकरी शहरपुरा निवासी 19 वर्षीय अभीजीत सिंह लोधी अपने चचेरे भाई अनिल सिंह लोधी के साथ दोस्त की शादी में भगनवान दास मैरिज गार्डन गये थे. वहां रात 11 बजे खाना खाने के दौरान कुछ लोग आपस मे लड़ रहे थे. इस दौरान अनिल लोधी ने बीच बचाव की कोशिश की तो संजय लोधी, तारेन्द्र लोधी, हेमंत लोधी ने गाली गलौज करते हुये गमला उठाकर अभीजीत के सिर पर दे मारा और हेमंत ने अनिल सिंह के साथ्ज्ञ धक्कामुक्का की. पुलिस ने आरोपियों के खलाफ धारा 296, 115(2), 118(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## जितनी बाती की आरती उतने जन्मों के पापों का क्षयः ब्रह्मचारी सुबुध्दानन्द



**जबलपुर, (यशभारत)।** श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में चल रहे पञ्चपर्व महाआरती महोत्सव के क्रम में आज पीताम्बरा भगवती माँ बगलामुखी का आम्रफलों द्वारा सहस्त्रार्चन जगद्गुरु शंकराचार्य पीठद्वयाधीश्वर महाराज श्री के निजी सचिव ब्रह्मचारी श्री सुबुध्दानन्द महाराज एवं ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द महाराज के सन्निध्य में किया गया। ब्रह्मचारी सुबुध्दानन्द महाराज ने बताया कि परब्रह्म परमात्मा की उपासना के अनेक उपचार होते हैं उन उपचारों में षोडशोपचार पूजन अत्यंत विशिष्ट माना जाता है उन षोडशोपचार पूजन में आरती सबसे विशिष्ट मानी जाती है आरती का मतलब होता है दुख को दूर करना। साधक अपने इष्ट से अत्यधिक प्रेम करता है और इतना प्रेम करता है कि वह अपने इष्ट को सदा सर्वदा सुखी देखना चाहता है इसी भावना से आरती के द्वारा वह सारे के सारे कष्ट जो उसके इष्ट के होते हैं अपने में लेना चाहता है नारद भक्ति सूत्र में भी इसी बात का वर्णन करते हुए लिखा है तत सुखा सुखितवमअपने प्रेम के आसपत के सुख में सुखी रहना उसे हर क्षण सुख में देखना यह भगवत भक्ति कहलाती है वैशाख पर्व चल रहा है यह श्रेष्ठ इसलिए माना जाता है इस मास में भगवान सूर्य नारायण मेष राशि में रहते हैं मेष सूर्य बड़ा प्रखर माना जाता है इसका सूर्य सारे के सारे पापों को नष्ट कर देता हैं आरती का जो दर्शन करता है जो जितनी बाती की आरती का दर्शन करता है इतने जन्मों के पाप उसके नष्ट हो जाते हैं।

## बुध्द जयंती पर आज विविध कार्यक्रम

**जबलपुर, (यशभारत)।** गौतम बुध्द जयंती पर बोधिसत्व नागार्जुन महाविहार संघ, विश्वदीप बुध्द विहार और त्रिरत्न बौध्द विहार द्वारा आज ध्वजा रोहण परीत्राण पाठ एवं धम्म देसना का आयोजन किया गया है. बोधिसत्व नागार्जुन महाविहार संघ की ओर से बताया गया है की आज सुबह 9 बजे पूर्वी करिया पाथर स्थित कार्यालय में पंचशील का ध्वाजारोहण होगा और सुबह 10 बजे बुध्द की वंदना होगी. शाम पांच बजे वंदना मेश्राम, सविता लोखंडे द्वारा परित्राण पाठ एवं धम्म देशना होगी. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू होंगे. विशिष्ट अतिथि पार्षद अविनाश चमकेल होंगे, वहीं अध्यक्षता उमाकांत गजभिये करेंगे.



## रक्तदान शिविर का आयोजन

**जबलपुर, यशभारत।** पीड़ित मानवता की सेवार्थ कैंट विधायक अशोक रोहाणी एवं नगर निगम अध्यक्ष श्री रिंकू विज जी की गरिमा मय उपस्थिति में इंडियन रेडक्रास सोसायटी ,सात्विक सेवा समिति प्राणदा प्रकोष्ठ सक्षम महाकोशल प्रांत, होटल एंड रेस्टोरेंट वेलफेयर एसोसिएशन जबलपुर एवं विशुद्ध हेल्थ केयर जनसेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में विशाल रक्त दान शिविर का आयोजन होटल विजन महल तिलहरी में किया गया जिसमे 204रक्तवीरों ने उत्साहपूर्वक पीड़ितमानवता के लिए रक्तदान किया।



## नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा निकली

**जबलपुर, यशभारत।** बैशाख पूर्णिमा पर हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा कई चरणों में 466 वी नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा देश भक्ति गीतों के साथ संकीर्तन करती हुई निकली नर्मदा पंचकोसी परिक्रमा के अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल ने बताया सभी भक्तों ने नर्मदा मैया से प्रार्थना की आतंकियों के द्वारा जो हमला किया गया जिसमें हमारे हिंदूओ की हत्या की है उनकी आत्मा को शांति मिले ऐसी नर्मदा मैया से प्रार्थना की भारत देश की सेना आतंकियों को ........ऐसा सबक सिखाएं ताकि आतंकी एवं उनके समर्थक कई वर्षों तक याद रखें। परिक्रमा आश्रम से 64 योगिनी धुआंधार पशुपतिनाथ मंदिर होते हुए लमेटाघाट से नाव पार कर इमलिया डूडवारा न्यू भेड़ाघाट होते हुए सिद्धन माता जी के आश्रम से सरस्वती घाट में नाव पारकर आश्रम में विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ जहां आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्रदास जी महाराज ने सभी पंचकोशी भक्तों को बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण किया।



## सेवन सिस्टर्स चित्र प्रदर्शनी मुंबई में प्रदर्शित

**जबलपुर, (यशभारत)।** कला अपने लोक से उठकर अपने सार्वभोम में प्रवेश करती है तो वह परिष्कृत्त भी होती है और विस्तार भी पाती है। इसी तारतम्य में मिस्टिक ऑफसेवन नाम की एक समूह चित्रकला प्रदर्शनी मुंबई के काला घोडा स्थित देश की अग्रणी जहाँगीर आर्ट गेलरी में चल रही है। इस प्रदर्शनी को जबलपुर की स्थापित चित्रकार डॉ सुप्रिया अंबर ने क्यूरेट किया है। सेवन सिर्स्टस श्रृंखला में मिस्टिक ऑफसेवन नाम से यह तीसरी प्रदर्शनी है । सुप्रिया इस श्रृंखला की दो प्रदर्शनियां दिल्ली की ललित कला अकादमी एवं जवाहर कला केन्द्र ( जयपुर) में क्यूरेट कर चुकी है। मुंबई की जहांगीर आर्ट गैलरी में चल रही इस प्रदर्शनी में डॉ अर्पणा अनिल ( भोपाल) , हर्षिता केरकर (गोवा) , करिश्मा करिश्मा बाधबा ( मुंबई) एवं डॉ सुप्रिया अंबर ( जबलपुर) विशाल चित्रों के साथ गुरमीत गोल्डी (चंडीगढ ) , नेहा गोस्वामी पटनायक (बडोदा), सोनू अग्रवाल ( जम्मू ) के महत्वपूर्ण मूर्तिशिल्प प्रदर्शित किये गए है। इस समय मुंबई कला जगत में इस प्रदर्शनी की अच्छी चर्चा है। इस प्रदर्शनी का केटलॉग जाने माने कला इतिहास कार जॉनी एमएल (दिल्ली) ने लिखा है। प्रदर्शनी का उद्घाटन निशा जामवाल (कला संग्राहक , मुंबई), ऋषि राज सेठी (कला संग्राहक मुंबई ) जॉनी एमएल ( कला इतिहासकार ,दिल्ली) ने किया । तमाम जानी मानी हस्तियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## धूमधाम के साथ हुआ कृष्ण रुक्मणी विवाह

**जबलपुर यशभारत।** ग्रीन सिटी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा छठवें दिन कृष्ण-रुक्मणी विवाह बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कथा व्यास पंडित प्रदुम्न दास महाराज ने भक्तों को इस पावन प्रसंग का दिव्य अनुभव कराया। विवाह प्रसंग के दौरान भक्ति और उल्लास का माहौल बन गया, जहां श्रद्धालु नृत्य और भजन-कीर्तन में भाव-विभोर हो गए। कथा के दौरान कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य चरित्र और उनकी लीला का विस्तृत वर्णन किया गया। कथा वाचक ने बताया कि श्रीकृष्ण ने सदैव अधर्म के विनाश और धर्म की स्थापना के लिए कार्य किया। उन्होंने मथुरा के अत्याचारी राजा कंस का अंत कर प्रजा को उसके अत्याचारों से मुक्त किया। इसके पश्चात, भगवान श्रीकृष्ण ने विदर्भ राजकुमारी रुक्मिणी से विवाह किया। इसी तरह से उन्होंने भागवत कथा के अनेक प्रसंगों पर प्रकाश डाला।



## सूने घर का ताला तोड़कर जेवर नगदी चोरी

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अंतर्गत गणपति विहार में एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर और नगदी चोरी कर ले गये. घटना के संबंध में गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गणेश विहार निवासी 60 वर्षीय भगवान सिंह ठाकुर शाम 7.30 बजे भांजे का निधन होने पर घर में ताला लगाकर सराफा चला गया था. सुबह भगवान सिंह ने अपने बेटे शुभम और सतयम ठाकुर को अपने घर भेजा इस बीच रात में चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर घर में रखी अलमारी का लाकर तोड़ा और उसमें रखे सोने का हार, मंगलसूत्र, झुमकी, चैन, अंगूठी, लौंग तथा चांदी की पायल, गिलास, चूड़ी, बिछिया तथा नगदी गायब थे।



## पांच दिवसीय रूद्र यज्ञ का आयोजन

**जबलपुर, यशभारत।** माँ नर्मदा का पावन तट बरगी बांध, में राष्ट्र की एकता, अखंडता और सीमाओं की सुरक्षा सर्वोपरि है। वर्तमान भारत-पाकिस्तान तनाव के परिप्रेक्ष्य में, राष्ट्र की विजय एवं शत्रु के स्तंभन के उद्देश्य से पाँच दिवसीय भव्य रुद्र यज्ञ का आयोजन किया गया। यह जानकारी पं. ज्योतिषाचार्य अर्जुन पाण्डे ने दी। उन्होंने बताया कि यह यज्ञ भगवान शिव के रुद्र रूप एवं बगलामुखी को समर्पित है, जो शक्ति, संहार और सुरक्षा के प्रतीक हैं। वैदिक मंत्रों और विधि-विधानों के साथ किए जाने वाले इस यज्ञ से राष्ट्र को अभूतपूर्व विजय प्राप्त होगी और शत्रु की नकारात्मक शक्तियाँ निष्प्रभावी होंगी। श्री पाण्डे ने बतायाकि यज्ञ का उद्देश्य ' भारत की निर्णायक विजय सुनिश्चित करना। शत्रु की विध्वंसक गतिविधियों को रोकना एवं उन्हें स्तंभित करना। श्री पाण्डे ने बताया कि विद्वान एवं अनुभवी ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण एवं हवन। ' भगवान रुद्र का विशेष पूजन एवं अभिषेक। ' राष्ट्र की विजय एवं शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना की जा रही है।

## नृत्य नमन समारोह 2 जून को

**जबलपुर, (यशभारत)।** पद्मभूषण पंडित कुंजीलाल दुबे की स्मृति में पाथेय संस्था द्वारा 2 जून को मानस भवन में आयोजित होने वाले नृत्य-नमन समारोह की बैठक आचार्य भगवत दुबे की अध्यक्षता में एच0बी0महाविद्यालय विजय नगर में सम्पन्न हुई। समारोह के संयोजक राजेश पाठक प्रवीण ने बताया कि इस भव्य समारोह में विविध कला संस्थाओं की 151 से अधिक नृत्यकला साधिकायें शास्त्रीय - उपशास्त्रीय शैली में मनमोहक नृत्यों को प्रस्तुत करेंगी। श्रीमती दुर्गा चौबे ने बताया कि प्रतिभा प्रोत्साहन हेतु यह आयोजन डॉ0 विश्वनाथ दुबे के परामर्श से पिछले 35 वर्षों से होता आया है इसलिए सम्पूर्ण आयोजन उन्हीं को स्मृति स्वरूप समर्पित किया जाएगा।



## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर हवन पूजन

**जबलपुर, (यशभारत)।** तुम दूध मांगोगे तो हम खीर देंगे, यदि कश्मीर मांगोगे तो हम तुम्हे हम चीर देंगे। भारत माता की जय कुछ इस प्रकार के नारों के साथ कड़ी धूप में सर्व स्वर्णकार महिला उत्थान समिति की पदाधिकारियों ने गोलबाजार में सीखा तलवार चलाना और लाठियां भांजना।विगत दिनों पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा आम जनता को धर्म और जाति पूछ्कर गोली मारकर मासूमों की हत्या की थी ।

इसके बाद भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया. आपरेशन सिंदूर की सफलता पर रविवार को भारतीय सर्व स्वर्णकार महिला उत्थान समिति द्वारा हवन पूजन किया गया और जाबाज सैनिकों को सलामी दी गई. संस्था प्रमुख मंजू सोनी ने बताया कि हम सभी महिलाएं वॉलेंटियर के रूप भारतीय सेना एवं प्रधानमंत्री मोदी के साथ खड़े हैं।

# दो चरणों में होगा ग्वारीघाट से तिलवारा घाट का कार्य

## लोक निर्माण मंत्री सिंह ने नर्मदा परिक्रमा पथ की कार्ययोजना की समीक्षा. अधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश



**जबलपुर, (यशभारत)।**

**लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने आज रविवार को गौरीघाट के निरीक्षण के बाद माँ नर्मदा के पावन तट को सरयू की तर्ज पर विकसित करने तैयार की जा रही कार्य योजना की सिविल लाइन स्थित लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय में आयोजित बैठक में समीक्षा की और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये।**

बैठक में नर्मदा परिक्रमा पथ की प्रस्तावित डीपीआर पर पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया गया तथा इस पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के प्रबंध निदेशक भरत यादव, तकनीकी सलाहकार आर के मेहरा, मुख्य अभियंता गोपाल सिंह गुर्जर, कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समर वर्मा, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण शिवेंद्र सिंह, पंकज दुबे, संदीप जैन, अभय सिंह, ओंकार दुबे एवं मनीष दुबे उपस्थित रहे।

लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने कहा कि धार्मिक और आध्यामिक आस्था के केंद्र गौरीघाट में नर्मदा परिक्रमा पथ बेहद खूबसूरत होगा और इसका विकास पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए अयोध्या में सरयू तट की तर्ज पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नर्मदा परिक्रमा पथ का विकास दो चरणों मे होगा। पहले चरण में जिलहरी घाट से लेकर खारी घाट तक तथा दूसरे चरण में भटौली से लेकर तिलवारा घाट तक के घाटों का विकास होगा। श्री सिंह ने बताया कि नर्मदा परिक्रमा पथ की तैयार की जा रही कार्ययोजना में श्रद्धालुओं के स्नान और पूजा अर्चना के लिए 350 मीटर लंबे चैनल का निर्माण भी किया जाएगा। चैनल में जगह-जगह प्रेशर पाइप की व्यवस्था की जाएगी ताकि मां नर्मदा के जल को प्रदूषित होने से बचाया जा सके और स्वच्छ जल की उपलब्धता को सुश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि चैनल के एक ओर जहां नागरिकों की सुविधा के लिए चेंजिंग रूम बनाए जाएंगे तो वहीं दूसरी ओर ऊंचाई से मां नर्मदा के भव्य स्वरूप का दर्शन करने के लिए व्यू प्वाइंट का निर्माण भी किया जाएगा।

लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने चैनल के किनारे दीवारों पर आदि शंकराचार्य जी के व्याख्यान एवं मार्कण्डेय ऋषि की परिक्रमा का संदेश देने वाले म्यूरल्स का निर्माण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। श्री सिंह ने बैठक में कहा कि गौरीघाट के पवित्र नर्मदा तट पर माँ नर्मदा प्राकट्योत्सव एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए सांस्कृतिक मंच का निर्माण भी कराया जाएगा। साथ ही इन कार्यक्रमों में आने वाले कलाकारों के लिए रुकने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। मंत्री श्री सिंह ने नर्मदा परिक्रमा पथ की कार्ययोजना में वाहनों की पार्किंग, पर्याप्त भंडारा स्थल, दिव्यांगजनो की सुविधा के लिए रैंप, वाच टावर एवं अनाउंसमेंट के लिए साउंड सिस्टम की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।



### सरयू के तर्ज पर किया जाएगा विकसित- राकेश सिंह

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह आज रविवार की दोपहर गौरीघाट पहुंचे। यहाँ उन्होंने सिद्धघाट में माँ नर्मदा का पूजन किया तथा नर्मदा परि मा भवन एवं सिद्ध कुंड का निरीक्षण किया। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने माँ नर्मदा के पावन तट गौरीघाट एवं तिलवारा घाट को सरयू के तर्ज पर विकसित करने की घोषणा की थी। इसके फलस्वरूप माँ नर्मदा के तटों को विकसित करने के लिए दो चरणों में कार्य योजना तैयार की जा रही है। पहले चरण में जिलहरी घाट से लेकर खारी घाट तक तथा दूसरे चरण में भटौली से लेकर तिलवारा घाट तक के विकास कार्यों की योजना तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि माँ सरयू की तर्ज पर यहाँ अत्यंत सुंदर एक सुन्दर धार्मिक एवं आध्यात्मिक केंद्र का निर्माण किया जाएगा। प्रोजेक्ट की डीपीआर लगभग तैयार की जा चुकी है। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह के निरीक्षण के दौरान मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री भरत यादव, कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण श्री शिवेंद्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समर वर्मा, श्री पंकज दुबे, श्री संदीप जैन सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## अभाविप के कार्यकर्ताओं ने सिविल डिफेंस वालंटियर का कराया पंजीयन

**जबलपुर, (यशभारत)।** पहलगाम की घटना के बाद प्रशासन व मिलिट्री के द्वारा नगरिकों की सुरक्षा के लिए विभिन्न कदम उठाए गए है. भारत ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जबाव दिया है ऐसी परिस्थिति में समाज की सुरक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र संगठन के साथ समाज हित के लिए कम करता आरहा है, इसलिए समाज की सुरक्षा का उत्तरदायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है इसी क्रम में प्रशासन के आवाहन पर अभाविप जबलपुर के कार्यकर्ताओं ने आज शहर के ओमती थाना एवं कोतवाली थाने में जाकर नागरिक सुरक्षा में प्रशासन के सहयोग हेतु सिविल डिफेंस वालंटियर के रूप में पंजीयन कराया व राष्ट्र व नगरिकों की किसी भी परिस्थिति में सुरक्षा हेतु संकल्प लिया। विद्यार्थी परिषद के 117 कार्यकर्ताओं ने सिविल डिफेंस वालंटियर हेतु अपना पंजीयन करवाया । इस दौरान प्रदेश मंत्री माखन शर्मा, महानगर मंत्री ऐश्वर्य असोनकर, आर्यन पुंज, शोभित मिश्रा , प्रांशूल सोनकर, अनमोल मिश्रा,अनमोल सोनकर, सत्यम पटेल , शशांक शर्मा, भास्कर पटेल, आयुष यादव,कमल अहिरवार,प्रबल भट्ट, हर्ष सेन , अरमान पांडे, नितिन ठाकुर ,प्रबल निषाद, अंशवीर सोनकर,अध्यंस शर्मा,हर्ष प्रजापति,आयुष बारी,सूर्यांश सिंह,ओजस पांडे,हरिओम सोनकर, चेतन वर्मा,वेद तिवारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## भारत रक्षा मंच की रीढ़ हैं मातृशक्ति

**जबलपुर, (यशभारत)।** बाह्य और आंतरिक शत्रुओं से समाज और राष्ट्र की रक्षा में मातृशक्ति का महान योगदान रहा है।मातृशक्ति भारत रक्षा मंच की रीढ़ हैं। आज हमारी मातृशक्ति जहां सैन्य अधिकारियों के रूप में सीमाओं में दुश्मनों के दांत खट्टे कर रही हैं वहीं साजसेविका और राष्ट्रसेविका के रूप में आंतरिक दुश्मनों से भी लोहा ले रही हैं। उक्त उद्गार भारत रक्षा मंच के राष्ट्रीय मंत्री और मध्य क्षेत्र संगठन प्रमुख डॉ. एच. पी. तिवारी ने जबलपुर में आयोजित विभागीय संगठन मंत्री श्रीमती रीता प्रधान के सम्मान समारोह में व्यक्त किए।

# वैशाख पूर्णिमा, नर्मदा तटों पर आस्था का सैलाब

## ग्वारीघाट, तिलवारा घाट, भेड़ाघाट सहित सभी जगह हुए पवित्र स्नान

जबलपुर, (यशभारत)।

पवित्र वैशाख माह की विदाई बेला आज वैशाख पूर्णिमा पर होने रही है। इसे बुद्ध पूर्णिमा भी कहा जाता है। बुद्ध पूर्णिमा 12 मई, सोमवार को वरियान योग और रवि योग मनाई जा रही है। ज्योतिष में इन दोनों योगों को बेहद शुभ माना जाता हैबौद्ध अनुयायी भगवान बुद्ध की जयंती मना रहे हैं। वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर गंगा या नर्मदा जैसी पवित्र नदी में स्नान करने से विशेष पुण्य लाभ अर्जित होता है। इस दिन गरीबों को अन्न, वस्त्र, सत्तू, पादुकाएं एवं सिर ढंकने के लिए टोपी या गमछा दान करने से घर परिवार के कष्ट दूर होते हैं। स्नान दान बुद्ध पूर्णिमा पर आज नर्मदा तटों पर सुबह से ही हजारों श्रद्धलुओं ने आस्था की डुबकी लगाई यह क्रम जारी है। तमाम शुभ कार्यों की शुरुआत होती है।



### कल से ज्येष्ठ मास प्रारंभ

मंगलवार 13 मई से ज्येष्ठ मास प्रारंभ हो जायेगा। वैशाख महीने को धार्मिक और मांगलिक कार्यों के लिये सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। पूरे वैशाख माह धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला अनवरत जारी रहा। इन अनुष्ठानों का भी पूर्णिमा के दिन विधि विधान के साथ समापन किया जाएगा।

यद्यपि इस बार गुरु और सूर्य अस्त होने के कारण ज्येष्ठ माह में विवाह आदि शुभ कार्य नहीं होंगे। बुद्ध पूर्णिमा पर रामायण, सत्य नारायण कथा के धार्मिक आयोजन भी होंगे। अनेक मंदिरों में हवन पूजन के साथ भण्डारे के आयोजन भी किये गये। पुण्य सलिला माँ नर्मदा के पावन तट गौरीघाट, तिलवारा घाट, लम्हेटाघाट, भेड़ाघाट में वैशाख पूर्णिमा का मेला लगेगा। हजारों की संख्या में श्रध्दालु नर्मदा में डुबकी लगाकर वैशाख पूर्णिमा स्नान का पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। भगवान सत्यनारायण की कथा, महाआरती, माँ नर्मदा का अभिषेक किया जा रहा है।

## बुध्द जयंती पर आज विविध आयोजन

गौतम बुध्द जयंती पर बोधिसत्व नागार्जुन महाविहार संघ, विश्वदीप बुध्द विहार और त्रिरत्न बौध्द विहार द्वारा आज ध्वजा रोहण परीत्राण पाठ एवं धम्म देसना का आयोजन किया जा रहा है. बोधिसत्व नागार्जुन महाविहार संघ द्वारा सुबह 9 बजे पूर्वी करिया पाथर स्थित कार्यालय में पंचशील का ध्वाजारोहण और बुध्द की वंदना की गई। . शाम पांच बजे वंदना मेश्राम, सविता लोखंडे द्वारा परित्राण पाठ एवं धम्म देशना होगी.कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू होंगे. विशिष्ट अतिथि पार्षद अविनाश चमकेल होंगे, वहीं अध्यक्षता उमाकांत गजभिये करेंगे।इसी तरह विश्वदीप बुध्द विहार रामपुर छापर में भी झंडा रोहण और धम्म देसना हुई. संदीप गायबवाड़, सुरेन्द्र इंगले ने उपस्थिति की अपील की है.इसी तरह त्रिरत्न बौध्द विहार निर्भय नगर अधारताल में भगवान गौतम बुध्द की जयंती पर धम्म पंचशील ध्वाजारोहण और बुध्द वंदना होगी. ओमप्रकाश चौड़ ईश्वरी पाटिल, सुनंदा वासनिक ने उपस्थित की अपील की है.

# उपेक्षा का शिकार है मौर्यकालीन बौध्द मठ

जबलपुर यश भारत।

**आज बुद्ध जयंती के मौके पर जब शहर में बौद्ध धर्मावलंबियों के द्वारा के विविध आयोजन किया जा रहे हैं ऐसे में लमहेटा के गोपालपुर के पास स्थित मौर्यकालीन बौद्ध मठ की चर्चा करना भी प्रासंगिक हो जाती है।**

मौर्यकालीन यह ऐतिहासिक विरासत आज उपेक्षा के चलते वह महत्व प्राप्त नहीं कर पा रही जो इसे मिलना चाहिए था। बौद्ध धर्म से जुड़े लोगों की मांने तो लमहेटा के समीप मुड़िया का यह बौद्ध मठ पुरातत्व विभाग की अनदेखी के कारण अपना महत्व को चुका है। जबकि यह ऐतिहासिक विरासत शहर के लिए खास पहचान भी बन सकती है जरूरत है तो सिर्फ इस पर ध्यान देने की। अनेक बौद्ध संगठनों ने समय-समय पर इसकी उपेक्षा को लेकर पुरातत्व विभाग से लेकर दूसरे वरिष्ठ अधिकारियों तक का ध्यान भी आकर्षित कराया लेकिन खेद के साथ कहना पड़ता है कि किसी ने इसे गंभीरता से नहीं दिया। भारतीय बौद्ध महासभा के मुताबिक मुड़िया मटकी लगी 32 एकड़ शासकीय जमीन पर भू माफियाओं ने कब्जा करके आने-जाने तक का मार्ग बंद कर दिया है जिसको लेकर हाईकोर्ट में एक याचिका भी दायर की गई थी और हाल ही में कुछ दिनों पूर्व हाई कोर्ट ने कलेक्टर को पहुंच मार्ग में कोई बाधा ना रहे यह सुनिश्चित करने को कहा है साथ ही मठ के आसपास किए गए अतिक्रमण व अवैध निर्माण हटाने की भी निर्देश दिए हैं। इस बौद्ध मठ की उपेक्षा को लेकर विगत 26 अप्रैल 2025 को सिविक सेंटर में धरना प्रदर्शन भी किया गया था। लोग तो यहां तक बताते हैं कि मठ से लगी जमीन पर लोगों ने फार्म हाउस व अन्य निर्माण भी कर लिया है। यदि पुरातत्व विभाग की बात की जाए तो आमतौर पर देखने में आया है कि किसी भी ऐसी विरासत को घोषित कर केवल एक बोर्ड लगाकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर लिया जाता है इनकी रखरखाव पर ध्यान देने की आदत पुरातत्व विभाग के जिम्मेदारों की नहीं है जिसके कारण शहर के आसपास की अनेक ऐतिहासिक विरासतें दुर्दशा का शिकार हो रही है।

**शहर में बौद्ध धर्मावलंबियों के द्वारा विविध आयोजन**

# 17 जून को परीक्षा, 21 मई तक रजिस्ट्रेशन

जबलपुर।

माध्यमिक शिक्षा मंडल 10वीं और 12वीं के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं, जिन स्टूडेंट्स ने इस साल परीक्षा नहीं दी या फिर इस परीक्षा में अपने नंबरों से खुश नहीं है या एग्जाम में फेल हो गए हैं, वे दोबारा होने वाली परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। जानकारी के अनुसार एमपी बोर्ड 10वीं, 12वीं की दोबारा परीक्षा 17 जून से शुरू होगी। इसके लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 7 मई 2025 से शुरू होगी और 21 मई तक चलेगी, जिससे विद्यार्थी जल्द ही अपना रजिस्ट्रेशन करवा लें। माशिमं ने अब पूरक परीक्षा की व्यवस्था खत्म कर दी गई है, जिसके चलते 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं साल में दो बार आयोजित की जाएंगी।

**बोर्ड परीक्षा में फेल या अनुपस्थित हुए विद्यार्थियों को फिर मिलेगा मौका**

### पूरे साल नहीं करना होगा इंतजार

विदित है कि एमपी बोर्ड ने ऐसे स्टूडेंट्स के लिए भी व्यवस्था की है, जो इस बार असफल रहे हैं। अब 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में असफल रहे छात्र-छात्राएं को बोर्ड क्लासेस पास करने के लिए अगले साल तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। 17 जून को रीएग्जाम होने के चलते विद्यार्थियों को एक और मौका मिलेगा। जिससे उनका एक साल खराब होने से बचेगा।

# कार की टक्कर से घोड़ा की मौत

**तिलहरी की घटना**

जबलपुर, यश भारत।

गोराबाजार थाना अंतर्गत मंडला रोड, तिलहरी में बीती रात बेलगाम कार की टक्कर से घोड़ा की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक समीर खान पिता सब्बीर खान निवासी गोराबाजार का बरेला स्थित एक बारात में घोड़ा लेकर गया था। विवाह कार्यक्रम केबाद वे घोड़ा साथ में लेकर पैदल वापिस लौट रहा था। शनिवार एवं रविवार की दरमियानी रात्रि करीब दो बजे वह जैसे ही बिलहरी पहुंचा तभी कार क्रमांक एमपी 20 डब्ल्यूए 0666 के चालक ने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही चलाते हुए टक्कर मार दी। हादसे में घोडा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया और कार चालक भाग निकला।

## डेढ़ सौ असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई

**जबलपुर, यश भारत।** पिछले 24 घंटों में जिला पुलिस ने 149 असमाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की। जिसमें आदतन अपराध करने वाले 2 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत तथा विवाद करने वाले 78 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, 15 आरोपियों के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत कार्रवाई की गई। इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 13 गैरम्यादी, 19 म्यादी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। 18 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुये 163 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 30 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई तथा 4 व्यक्तियों के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुये 4 चाकू जब्त किए गये। बताया गया कि एसपी सम्पत उपाध्याय द्वारा जुआ, सट्टा खिलाने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, के कारोबार में लिप्त आरोपियों को चिन्हित करते हुये प्रभावी कार्यवाही हेतु तथा चोरी, नकबजनी, एवं मारपीट तथा अन्य भादवि के प्रकरणों एवं थानों में लंबित वारंटों की तामीली हेतु आदेशित किया गया हैं।

# उड़द 60 से 65 दिन में पकेगी

## जेएनकेविवि वैज्ञानिकों की कामयाबी

जबलपुर, यशभारत।

**खेती की लागत कम करने में जुटे जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के विज्ञानियों ने नई किस्म इजात की है। विज्ञानियों ने अब उड़द की दो नई किस्म में टीजेयू 339 और टीजेयू 130 तैयार की है। इसके साथ मसू मसूर की भी एक किस्म जेएसएस 6-2 को भी तैयार कर लिया है। इन तीनों किस्मों का सबसे बड़ा फायदा है कि ये फसलें कम अवधि में पकेंगी और बहुत से रोगों से लड़ने में खुद सक्षम हैं।**



जनेकृविश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. पीके मिश्रा ने अपने विज्ञानियों को इन किस्मों के इजात करने पर बधाई दी और कहा है कि यह उनकी निरंत मेहनत का परिणाम नई किस्म की खोज के साथ खेत में किसान। है। विज्ञानियों ने बताया कि उड़द की टीजेयू 339 किस्म मात्र 62-65 दिन में पक जाएगी। जबकि टीजेयू 130 किस्म और भी कम समय लगभग 60-62 दिन में तैयार हो जाती है। इसका सबसे बड़ा फायदा किसानों को होगा, वे कम समय में ज्यादा उपज ले सकता है। इधर उड़द की टीजेयू 339 किस्म से 16 से 18 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक उपज मिलेगी। वहीं टीजूयू 130 किस्म में 15 से 17 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उपज होगी। कृषि विज्ञानियों के मुताबिक उड़द की खेती में पीला मोजेक रोग बड़ी समस्या है। जबकि उड़द की दोनों नई किस्में इस रोग से लड़ने में सक्षम हैं। इससे एक ओर जहां पीला मोजेक रोग को रोकने को लिए किसानों को उपज में रासायनिक दवाओं का छिड़काव कम करना पड़ेगा। वहीं खेती की उत्पादन लागत भी कम हो जाएगी। इस समय उड़द की खेती का क्षेत्र खरीफ मौसम से हटकर जागद मौसम की ओर तेजी से स्थानांतरित हो रहा है। इसका एक प्रमुख कारण खरीफ में अच्छे किस्म के बीच की कमी महसूस हो रही है।

## डीजे में नाचने के विवाद पर चली लाठियां

**जबलपुर, यश भारत।** भेड़ाघाट थानांतर्गत शुभ मैरिज गार्डन में डीजे में नाचने के विवाद पर बीती रात जमकर लाठियां चली। इस मामले में पेशे से मजदूर शिल्पी नगर निवासी 18 वर्षीय अंशुल सिंह राहपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई। अंशुल ने बताया कि बीती रात वह शुभ मैरिज गार्डन में लकी गोंटिया की बहन की शादी में गया था। रात करीब पौने 11 बजे डीजे में नाचने के विवाद पर कुछ युवक अंशुल के साथी अली खान के साथ गाली गलौज करने लगे। अंशुल, अली और अन्य ने गाली गलौज करने से मना किया तो बारात में आए आरोपी रीतेश राजपूत एवं सूरज चौधरी ने अपने दो साथियों के साथ डीजे गाड़ी से डंडे निकालकर उनके साथ मारपीट शुरु कर दी। आरोपी रीतेश राजपूत ने अंशुल के सिर, आरोपी सूरज चौधरी ने हाथ में चोट पहुंचा दी। वहीं अंशुल के दोस्त अली खान, अभिषेक पटैल एवं सागर पटैल के साथ भी चारों आरोपियों ने डंडे से मारपीट की जिसमें अली और अभिषेक को सिर में तथा सागर को सिर और मुंह में चोट आई।

# बीच सड़क तक पार्किंग, जिम्मेदार खामोश

## पूरे शहर में हो रही कार्यवाही, जयंती काम्पलेक्स के पार्किंग को लेकर जिम्मेदारों की आंखें बंद

जबलपुर, यशभारत।

**यातायात विभाग द्वारा द्वारा शहर में सभी जगह पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है, जिसमें नो पार्किंग में खड़े वाहनों को उठाया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर अतिक्रमण भी हटाए जा रहे हैं। परंतु विभाग द्वारा जयंती कंपलेक्स के सामने आधी सड़कों तक खड़े वाहनों पर नजर नहीं पड़ रही है। जिन पर लगातार अनदेखी के कारण यहां पर लोग बेखौफ वाहन खड़े कर रहे हैं, जिसके कारण राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।**





### पार्किंग भी पहुंच जाती है सड़कों तक

उल्लेखनीय है कि जयंती कॉम्प्लेक्स शहर के सबसे ज्यादा भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में आता है। जहां आस-पास की दुकानों में पहुंचने वाले वाहनों की पार्किंग आधी सड़कों तक हो रही है। जिसमें बीच सड़कों तक लोगों के वाहन खड़े रहते हैं और पूरी तरह से यातायात यहां पर ठप रहता है। गौरतलब है कि जयंती कॉम्प्लेक्स की पार्किंग अंदर और बाहर दोनों जगह भर जाने के बाद सड़कों तक उनकी पार्किंग पहुंच रही है।

आधी सड़कों में पार्क हो रहे दुपहिया वाहन दुकानों के सामने सड़कों तक पार्क हो रहे वाहनों से दुकान संचालक और ग्राहकों को किसी भी प्रकार से कार्यवाही का भय नहीं है और बेखौफ होकर लोग के वाहन रोड में खड़े कर रहे हैं । वहीं कुछ लोग सड़कों पर गाड़ियां खड़े करके इधर-उधर चले जाते हैं। इसके अलावा इन वाहनों की धमाचौकड़ी से यहां आने जाने वाले लोगों को भी काफी परेशानी होती है। जिसके कारण भी यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो रही है।

सोने एवं चांदी के आभूषणों के विक्रेता
एस.के.जैन पायलवाला
आधुनिक फैशन के सोने एवं चांदी के आभूषणों के विक्रेता
748, सराफा बाजार, जबलपुर फोन : 0761-4065976

गोल्ड शोरुम
आधुनिक फैशन के सोने एवं चांदी के आभूषणों के विक्रेता
302, सुपर मार्केट, कॉफी हाऊस के सामने, जबलपुर फोन: 4066018

ममता ज्वैलर्स
आधुनिक फैशन के सोने एवं चांदी के आभूषणों के विक्रेता
सराफा बाजार, जबलपुर फोन : 0761-4011681

"रेमण्ड शर्टपीस फ्री"
सिर्फ "500/ Rs." का पेंटपीस लेने पर
2401080
रूपाली शो रुम बड़ा फुहारा, जबलपुर

शादी विवाह की संपूर्ण खरीदी के लिये
शेरवानी, इंडोवेस्टर्न सूट, पार्टीवियर सूट, ब्लेजर, कोटी
2401080
रूपाली शो रुम बड़ा फुहारा, जबलपुर

Trusted
हर रेंज में कूलर ही कूलर
G.S. ELECTRONIC
गढ़ा क्षेत्र का विश्वसनीय इलेक्टॉनिक शोरूम
पता- संजीवनी नगर मोड़ कछपुरा ब्रिज, गढ़ा जबलपुर
मो. 9098983263, 7828090728
0% ब्याज पर फायनेंस उपलब्ध है।
CROMPTON
ORIENT
SYMPHONY
KENSTAR

फर्म- यूनिक कलेक्शन
फैन्सी साड़ियों एवं लहंगा चुनरी के थोक एवं फुटकर विक्रेता
पूरे महाकौशल में सबसे कम रेट पर लहंगे उपलब्ध
अरिहंत कलेक्शन लहंगा वाला
बुटीक एवं पार्लर वालों को विशेष सहयोग
दुल्हन लहंगा 1800 रू. से शुरू
साईड लहंगा 1500 रू. से शुरू
गिफ्ट पैक साड़ी केवल 330 रू से शुरू
858/ 1, बड़ा फुहारा, खजांची चौक, जबलपुर | Mob-9300904046, 9300213427

## संपादकीय

## संप्रभुता-नागरिक सुरक्षा से कोई समझौता नहीं

**अंतत:** भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम घोषित कर दिया गया, लेकिन उसे पूर्णतः लागू करने का सच अभी सामने आना है। दरअसल भारतीय सेनाओं के घातक प्रहारों से जब पाकिस्तान के 6 महत्वपूर्ण एयरबेस और एयर डिफेंस, रडार सिस्टम और करीब 25 फीसदी वायुसेना का बुनियादी ढांचा तबाह हो गया, 'मिट्टी-मलबा' हो गया, तब पाकिस्तान को घुटनों पर आना पड़ा।

दूसरी ओर अमरीका को खुफिया सूत्रों से लीड्स मिल रही थीं कि यह टकराव, अंततः, लंबे युद्ध में तब्दील हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की पोस्ट सार्वजनिक होने से पहले ही शनिवार सुबह 9 बजे पाकिस्तान के डीजीएमओ मेजर जनरल कशीफ अब्दुल्ला ने भारत के समकक्ष लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को फोन कर युद्धविराम की गुहार लगाई थी। अपराह्न 3.35 बजे दोनों अधिकारियों ने 'हॉटलाइन' पर एक बार फिर बातचीत की और युद्धविराम की शुरुआती सहमति बनी। इसके पहले पहलगाम आतंकी हमले के बाद तेजी से बदले घटनाक्रम के चलते 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू होते ही पाक स्थित बहावलपुर, मुरीदके व मुजफ्फराबाद में आतंकी ठिकानों को सेना ने मिट्टी में मिला दिया। फिर एक बार भारतीय सेना प्रोफेशनल मानकों पर खरी उतरी। जिसमें वायुसेना-नौसेना की महत्वपूर्ण भूमिका रही। 'ऑपरेशन-सिंदूर' की कामयाबी से बौखलाए पाक ने एलओसी समेत कई शहरों पर हमले किये, जिसे हमारे प्रतिरक्षातंत्र ने विफल कर दिया।

विदेशी डिफेंस सिस्टम के साथ मिलाकर बनायी गई कई परतों वाली प्रतिरक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के तमाम हमले विफल कर दिए। तमाम विदेशी रक्षा विशेषज्ञों ने इस प्रणाली की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। भारत के मारक हमलों के सामने असहाय पाकिस्तान ने अमेरिका, सऊदी अरब व चीन जैसे देशों से सीज़ फायर के लिये गुहार लगायी। लेकिन भारत ने अपनी शर्तों पर सीज़ फायर पर सहमति जतायी। साथ ही साफ किया कि भविष्य में कोई आतंकी घटना देश में होती है तो उसे युद्ध के तौर पर लिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि सीमा पार से यदि कोई गोली चली तो उसका जवाब गोले से दिया जाएगा। सीज़ फायर के लिये प्रयास कर रहे अमेरिका को भी यह स्पष्ट कर दिया गया। वहीं दूसरी ओर विपक्ष लगातार कहता रहा कि इस मामले में तीसरे देश की भूमिका कतई स्वीकार नहीं की जाए। अमेरिकी राष्ट्रपति के कश्मीर में मध्यस्थता के कथन को भी सिरे से खारिज किया गया। उल्लेखनीय है कि न्यूयार्क टाइम्स की एक खबर के अनुसार प्रधानमंत्री ने अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस को साफ बताया था कि पाकिस्तान की किसी भी हरकत की प्रतिक्रिया विनाशकारी साबित हो सकती है। निस्संदेह, भारत की सटीक कार्रवाई और पाकिस्तान के हमलों को विफल बनाने से दुनिया में स्पष्ट संदेश गया कि भारत एशिया की एक बड़ी शक्ति है। यह भी कि भारत अपनी सुक्षा को लेकर न केवल सतर्क है बल्कि पाकिस्तानी हमलों को विफल बनाने की ताकत भी रखता है।

## कड़वे वचन



महावीर ने कहा द्वेष की तरह राग भी आग है। राग और द्वेष क्या है? इसे यों समझिए कि जब अपना बच्चा रोता है तो दिल में दर्द होता है यह राग है और जब दूसर का बच्चा रोता है तो सिर में दर्द होता है यह द्वेष है। राग और द्वेष दोनों ही संसार के कारण हैं। फर्कइतना है कि द्वेष लोहे की बेड़ी है और राग सोने की। पर हैं तो दोनों की बेड़ियां, जो बंधन का काम करती हैं।

**मुनिश्री तरुण सागर**

## आज का राशिफल



ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास

**पंचांग:- 12 मई 2025**
**दिन-सोमवार, मास- वैशाख शुक्ल पक्ष**
**विक्रम संवत 2081**

**मेष** – बिना मांगे सलाह देने से बचे लेनदेन के मामले में सतर्क रहें देवी पार्वती का पूजन करें

**वृष** – घर के बाहर वाद-विवाद से दूर रहे मन की इच्छा पूर्ण होगी चांदी की गिलास में पानी पिए

**मिथुन** – उधार लेने व देने से बचें विद्यार्थियों के लिए समय ठीक नहीं है मन में भटकाव रहेगा वट वृक्ष का पूजन करें

**कर्क** – रुका हुआ पुराना काम बन सकता है परिवार के किसी सदस्य के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है ओम विधि रूपाय नमः का जाप करें

**सिंह** – वरिष्ठ ओं का मार्गदर्शन मिलेगा अपने ऊपर फोकस बनाए रखें भगवान शिव को जल चढ़ाएं

**कन्या** – कारोबारी कार्य में मन लगेगा लाभ के अवसर मिलेंगे लालच में ना फंसे ओम नमः पार्वती पति यह नमः का जाप करें

**तुला** – धन लाभ के अवसर बढ़ेंगे पारिवारिक चिंता रहेगी शुक्र ग्रह का पूजन करें

**वृश्चिक** – मन प्रफुल्लित रहेगा तेज ड्राइविंग से बचे हनुमानजी के दर्शन करें

**धनु** – आज मनमाफिक काम होंगे पुरानी स्मृतियों का मन पर कब्जा रहेगा ब्राह्मणों को दान दे

**मकर** – घूमने फिरने की योजना साकार होगी मनचाहे लोगों का साथ मिलेगा हाइपर होने से बचें शनि का पूजन करें

**कुंभ** – दिन तनाव भरा कठिन रहेगा शाम की बात मन प्रसन्न रहेगा पीपल के वृक्ष में दिया लगाएं

**मीन** – लोगों के मैसेज पढ़ कर मन प्रसन्न होगा तारीफ होगी लालच में ना फंसे गुरुओं की सेवा करें

# समाज के लिए नर्सों के योगदान को नमन

## (अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस (12 मई) पर विशेष)



**दया** और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता माना जाता है, जिनकी आज हम 205वीं जयंती मना रहे हैं। प्रतिवर्ष उन्हीं की जयंती को ही 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में मनाया जाता है और इस विशेष अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत नर्सिंग कर्मियों के योगदान को नमन करना बेहद जरूरी है। 'लेडी विद द लैंप' के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म 203 वर्ष पहले 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से 'फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' की स्थापना की गई थी, जो प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं।

फ्लोरेंस नाइटिंगेल एक बेहद खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थी। उन्होंने अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रैंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा था तथा अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया था कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। हालांकि उस दौर में नर्सिंग को एक सम्मानित व्यवसाय भी नहीं माना जाता था, इसलिए उनके माता-पिता का मानना था कि धनी परिवार की लड़की के लिए यह पेशा सही नहीं है। दरअसल वह ऐसा समय था, जब अस्पताल बेहद गंदी जगह पर होते थे और वहां बीमार लोगों की मौत के बाद काफी भयावह माहौल हो जाता था। 1850 में फ्लोरेंस ने जर्मनी में प्रोटेस्टेंट डेकोनेसिस संस्थान में दो सप्ताह की अवधि में एक नर्स के रूप में अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण पूरा किया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति उनके सेवाभाव को देखते हुए आखिरकार उनके माता-पिता द्वारा वर्ष 1851 में उन्हें नर्सिंग की आगे की पढ़ाई के लिए अनुमति दे दी गई, जिसके बाद उन्होंने जर्मनी में महिलाओं के लिए एक क्रिश्चियन स्कूल में नर्सिंग की पढ़ाई शुरू की, जहां उन्होंने मरीजों की देखभाल के तरीकों और अस्पतालों को साफ रखने के महत्व के बारे में जाना।

फ्लोरेंस का नर्सिंग के क्षेत्र में पहली बार अहम योगदान 1854 में क्रीमिया युद्ध के दौरान देखा गया। उस समय ब्रिटेन, फ्रांस और तुर्की की रूस से लड़ाई चल रही थी और सैनिकों को रूस के क्रीमिया में लड़ने के लिए भेजा गया था। युद्ध के दौरान सैनिकों के जख्मी होने, ठंड, भूख तथा बीमारी से मरने की खबरें आई। युद्ध के समय वहां उनकी देखभाल के लिए कोई उपलब्ध नहीं है। ऐसे में ब्रिटिश सरकार द्वारा फ्लोरेंस के नेतृत्व में अक्तूबर 1854 में 38 नर्सों का एक दल घायल सैनिकों की सेवा के लिए तुर्की भेजा गया।

### अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर सभी नर्सेस को सादर समर्पित

सेवा अपना कर्म बना कर, दुनिया को दिखलाया है।
मानवता को हमनें केवल, अपना धर्म बनाया है।
गणवेष शांति का परिचायक, स्वेत रंग स्वीकार किया
स्टेथो सिरिंज उपकरण, इनसे ही श्रृंगार किया
अपनें परिचारण से ही, मरता इंसान बचाया है ।।
मानवता को हमनें केवल अपना धर्म बनाया है ।।
रोग निदान,उपचार ,प्रसव या, शल्य चिकित्सा हो भारी।
जितनी एक चिकित्सक की, उतनी है जिम्मेदारी।
कोना कोना हॉस्पिटल का, हमसे ही मुस्काया है।।
मानवता को हमने केवल, अपना धर्म बनाया है ।।
कठिनाई तो आतीं कितनी, उनसे कब घबराते हम।
जान बचाने की ख़ातिर ही, अपनी जान लगाते हम।
कितनी बार मौत को हमनें बेरँग ही लौटाया है।।
मानवता को हमनें केवल, अपना धर्म बनाया है।।
हम भी बहन बेटियाँ हैं घर द्वार हमारा है सुंदर।
बुरी नज़र के हमको भी तो, चुभते हैं दिल में नश्तर।
जिसनें भी यह कोशिश की है, उसको सबक सिखाया है।।
मानवता को हमनें केवल, अपना धर्म बनाया है ।।

**डॉ राजेश प्रखर**


फ्लोरेंस ने वहां पहुंचकर देखा कि किस प्रकार वहां अस्पताल घायल सैनिकों से खचाखच भरे हुए थे, जहां गंदगी, दुर्गंध, दवाओं तथा उपकरणों की कमी, दूषित पेयजल इत्यादि के कारण असुविधाओं के बीच संक्रमण से सैनिकों की बड़ी संख्या में मौतें हो रही थी। फ्लोरेंस ने अस्पताल की हालत सुधारने के अलावा घायल और बीमार सैनिकों की देखभाल में दिन-रात एक कर दिया, जिससे सैनिकों की स्थिति में काफी सुधार हुआ। उनकी अथक मेहनत के परिणामस्वरूप ही अस्पताल में सैनिकों की मृत्यु दर में बहुत ज्यादा कमी आई। उस समय किए गए उनके सेवा कार्यो के लिए ही सभी सैनिक उन्हें आदर और प्यार से 'लेडी विद द लैंप' कहने लगे थे। दरअसल जब चिकित्सक अपनी ड्यूटी पूरी करके चले जाते, तब भी वह रात के गहन अंधेरे में हाथ में लालटेन लेकर घायलों की सेवा के लिए उपस्थित रहती थी

1856 में युद्ध की समाप्ति के बाद जब वह वापस लौटी, तब स्वयं महारानी विक्टोरिया ने पत्र लिखकर उनका धन्यवाद किया। उसके कुछ ही माह बाद रानी विक्टोरिया से उनकी मुलाकात हुई और उनके सुझावों के आधार पर ही वहां सैन्य चिकित्सा प्रणाली में बड़े पैमाने पर सुधार संभव हुआ और वर्ष 1858 में रॉयल कमीशन की स्थापना हुई। उसके बाद ही अस्पतालों की सफाई व्यवस्था पर ध्यान देना, सैनिकों को बेहतर खाना, कपड़े और देखभाल की सुविधा मुहैया कराना तथा सेना द्वारा डॉक्टरों को प्रशिक्षण देने जैसे कार्यों की शुरूआत हुई। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति फ्लोरेंस की सेवा भावना को देखते हुए ही नर्सिंग को उसके बाद महिलाओं के लिए सम्मानजनक पेशा माना जाने लगा और उनकी प्रेरणा से ही नर्सिंग क्षेत्र में महिलाओं को आने की प्रेरणा मिली। फ्लोरेंस के अथक प्रयासों के कारण ही रोगियों की देखभाल तथा अस्पताल में स्वच्छता के मानकों में अपेक्षित सुधार हुआ। 90 वर्ष की आयु में 13 अगस्त 1910 को फ्लोरेंस नाइटिंगेल का निधन हो गया, जिनकी कब्र सेंट मार्गरेट गिरजाघर के प्रांगण में है। उनके सम्मान में ही उनके जन्मदिवस 12 मई को 'अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस' के रूप में मनाए जाने की शुरूआत की गई।

**योगेश कुमार गोयल**

# संत कवि सूरदास की कृष्ण आराधना

## सूरदास की जयंती 12 मई 25, पर विशेष)



**हिंदू कैलेंडर** के अनुसार, वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को सूरदास जी का जन्म हुआ था। इसलिए हर साल इस दिन को सूरदास जयंती (स्ह्वह्म्स्रड्डह्य छ्वड्ड4ड्ढठ्ठह्लद्ब 2024) के रूप में मनाया जाता है। अतः सूरदास की जयंती 12 मई 2024 को है।उनके पिता का नाम पंडित था। रामदास सारस्वत ब्राह्मण और माता का नाम जमुना दास था। सूरदास के पिता एक प्रसिद्ध गायक थे। सूरदास के जन्मांध होने की कई कहानियाँ प्रचलित हैं। कुछ विद्वानों का मानना है कि वह जन्म से ही अंधे थे, जबकि अन्य का मानना है कि वह बाद में अंधे हो गये। फरीदाबाद के निकट जी गाँव में उनका जन्म हुआ था वे जन्म से ही अंधे थे इसलिए उनका नाम सूरदास हुआ उन्होंने सूरसागर आदि महान रचनाओं की रचना की थी। सूरदास ने अपनी प्राथमिक शिक्षा अपने पिता से प्राप्त की। उसके बाद उन्होंने संस्कृत, व्याकरण, साहित्य और संगीत का अध्ययन किया। वह एक कुशल गायक और कवि थे। एक बार सूरदास की भेंट श्री वल्लभाचार्य से आगरा के निकट गऊघाट पर हुई। वल्लभाचार्य ने उन्हें पुष्टिमार्ग में दीक्षित किया और कृष्णलीला के पद गाने का आदेश दिया। वल्लभाचार्य के शिष्य के रूप में सूरदास ने कई वर्षों तक कृष्णलीला के कई पद गाए और लिखे। सूरदास को वल्लभाचार्य का शिष्य माना जाता है। वे मथुरा के गऊघाट स्थित श्रीनाथ जी के मंदिर में रहते थे। सूरदास का भी विवाह हो गया। आपको बता दें कि अलग होने से पहले वह अपने परिवार के साथ रहते थे। वल्लभाचार्य से मिलने से पहले सूरदास विनम्रता के पद गाते थे, लेकिन जब वे वल्लभाचार्य से मिले और उनके संपर्क में आए तो उन्होंने कृष्णलीला गाना शुरू कर दिया। कहा जाता है कि तुलसी की मुलाकात एक बार मथुरा में सूरदास जी से हुई और धीरे-धीरे उनके बीच प्रेम की भावना बढ़ती गई। ऐसा माना जाता है कि तुलसीदास ने सूरदास के प्रभाव में आकर श्री कृष्ण गीतावली की रचना की थी। सूरदास की सबसे प्रसिद्ध रचना सूरसागर है। यह एक महाकाव्य है जिसमें कृष्णलीला का वर्णन है। इस महाकाव्य में सूरदास ने कृष्ण के बचपन से लेकर उनके द्वारिका प्रवास तक की घटनाओं का वर्णन किया है। इस रचना ने सूरदास को हिन्दी साहित्य का सूर्य बना दिया। वह अपनी रचना सूरसागर के लिए बहुत प्रसिद्ध हैं। ऐसा माना जाता है कि उनके काम में लगभग 100000 गाने हैं, लेकिन आज केवल 8000 ही बचे हैं। इन गीतों में कृष्ण के बचपन और उनकी लीलाओं का वर्णन किया गया है।

सूरदास अपनी कृष्ण भक्ति के साथ-साथ अपनी प्रसिद्ध रचना सूरसागर के लिए भी जाने जाते हैं। सूरदास की अनेक गद्य कृति है। इसमें सूरदास ने अपने जीवन और अनुभवों का वर्णन किया है। साहित्य लहरी 118 छंदों की एक लघु रचना है। यह सूरदास की एक काव्य रचना है। इसमें नल और दमयंती के प्रेम प्रसंग का वर्णन है। यह सूरदास की अनेक काव्य रचना भगवान कृष्ण के प्रति सच्ची भ?ती को दर्शाता है। इसमें कृष्ण और राधा के प्रेम प्रसंग का वर्णन है। सूरदास एक महान भक्त कवि थे। उन्होंने अपने काव्य में कृष्ण भक्ति की अनूठी भावना का परिचय दिया। सूरदास एक कुशल कवि थे। उन्होंने अपने काव्य में ब्रज भाषा का सुन्दर प्रयोग किया है। सूरदास एक भावुक कवि थे। उन्होंने अपने काव्य में कृष्ण भक्ति के भावपूर्ण रूप को व्यक्त किया है। सूरदास हिन्दी साहित्य के महान कवि थे। उनकी कृतियों ने हिन्दी साहित्य को गौरवान्वित किया है। उनकी कविता का प्रभाव हिन्दी साहित्य के परवर्ती कवियों पर पड़ा। सूरदास की रचनाओं में भगवान श्री कृष्ण की भक्ति की भावना सर्वोपरि है। वह भगवान श्री कृष्ण के परम भक्त थे। उन्होंने अपने काव्य में कृष्ण भक्ति की अनूठी भावना दर्शायी है। उनके काव्य में कृष्ण के प्रति प्रेम, सौन्दर्य और करुणा की भावनाएँ स्पष्ट दिखाई देती हैं। सूरदास एक कुशल कवि थे। उन्होंने अपने काव्य में ब्रज भाषा का सुन्दर प्रयोग किया है। इनमें छंद, अलंकार और रस का सुंदर प्रयोग हुआ है सूरदास की मृत्यु जुलाई 1583 ई. में हुई। वे हिन्दी साहित्य के अमर कवि हैं। उनके काम आज भी लोगों को प्रेरणा देते हैं और लोग उनकी रचनाओं को बड़े चाव से गाते हैं।

**(लेखक - संजय गोस्वामी**

# जल गंगा संवर्धन अभियान की कलेक्टर ने की समीक्षा



**सतना, यशभारत।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने शनिवार को जिला पंचायत सतना के सभागार में बैठक लेकर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, कार्यपालन यंत्री आरईएस सीएल साकेत, जनपद के सीईओ, सहायक यंत्री, उपयंत्री और जिला पंचायत का मनरेगा स्टाफउपस्थित रहा।

कलेक्टर ने जनपद पंचायतों के समस्त सीईओ, सहायक यंत्री, उपयंत्री से जनपद वार उपयंत्री वार, खेत, तालाब, डग वेल, फॅर्मपांड के कार्यो हेतु उपयंत्री वार लक्ष्य अनुसार पृथक-पृथक कार्य वार कार्यों के जारी टी एस और जारी टीएस अनुसार एएस की प्रगति की समीक्षा की गई। जिसमें रामपुर बघेलान, सोहावल, उचेहरा, नागौद के स्वीकृत कार्य में शुरू होने की अपेक्षित प्रगति कम पाये जाने पर संबंधित सहायक यंत्री, उपयंत्री के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित जनपद पंचायतों के सहायक यंत्री एवं जनपद पंचायतों के समस्त उपयंत्रियो का एक सप्ताह के वेतन कटौती करने का निर्देश ईई आरईएस को दिए। उन्होंने कहा कि अगले शनिवार को पुनः समीक्षा की जायेगी और प्रगति नहीं पाये जाने पर कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर ने जनपद सीईओ से जल गंगा संवर्धन कार्यों की कमजोर प्रगति जाननी चाही। नागौद सीईओ द्वारा बताया गया कि जनपद क्षेत्र में काम देरी से चालू हुआ और नहर का कार्य चल रहा है। कलेक्टर ने अगले शनिवार तक जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रगति आनी चाहिए। जल गंगा संवर्धन अभियान के लगभग 40 दिनों में 5 उपयंत्रियों द्वारा बहुत ही कम काम किये जाने पर इनके एक सप्ताह का वेतन काटने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। इनमें रामनगर के उपयंत्री अतुल सिंह, मैहर के राघवेंद्र मिश्रा, रामपुर बघेलान के उपयंत्री अन्नपूर्णा सिंह, सोहावल के उपयंत्री आशुतोष वर्मा, व्ही. के मिश्रा के नाम शामिल है।

### नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

**सतना.** गृह विभाग मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में नागरिक सुरक्षा अधिनियम 1968 के तहत आपदा की स्थिति में गैर सरकारी संगठनों, राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी और सिविल स्वयं सेवकों की भागीदारी सुनिश्चित कर आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा एवं सहायता तथा प्रशासन के सहयोग हेतु इच्छुक व्यक्तियों को सिविल डिफेंस वालेंटियर के सदस्य के रूप में पंजीकृत किया जाना है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा इस कार्य हेतु सतना जिला अंतर्गत प्रभारी अधिकारी राहत शाखा को जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन का नोडल अधिकारी तथा कमांण्डेन्ट होमगार्ड को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## नर्सिंग होम संचालकों की बैठक संपन्न

**सतना.** राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में आपदा प्रबंधन को दृष्टिगत रखते हुए नर्सिंग होम संचालकों तथा स्वास्थ्य सेवा से जुड़े संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में रविवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में मेडीकल कॉलेज के डीन डॉ. शशिधर गर्ग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी, डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगड़े, सिविल सर्जन डॉ. मनोज शुक्ला सहित चिकित्सक और नर्सिंग होम संचालक उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने सभी नर्सिंग होम के संचालकों से कहा कि अपने-अपने चिकित्सालयों में उपलब्ध सुविधायें उपकरण आदि की जानकारी तैयार कर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को भेजना सुनिश्चित करें। सभी नर्सिंग होमो के संचालक अपने-अपने चिकित्सालय में एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त कर दें। नोडल अधिकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से समन्वय बनाकर नर्सिंग होम में सुविधाओं एवं रिसोर्स की मैपिंग कर शेयर करें। आवश्यकता पडने पर नर्सिंग होम में उपलब्ध सुविधाओं एवं संसाधनों का सहयोग लिया जायेगा।

## 77.74 लाख मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जितः श्री राजपूत

**सतना.** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किसानों के हित में न्यूनतम समर्थन मूल्य के अतिरिक्त 175 रुपये प्रति क्विंटल बोनस की घोषणा के परिणामस्वरूप इस वर्ष लगभग 9 लाख किसानों से 77 लाख 74 हजार मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन हुआ है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष 48 लाख 38 हजार मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन हुआ था। मंत्री श्री राजपूत ने किसानों के हित में मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा दिये गये बोनस पर उनका आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि गेहूँ के उपार्जन में मध्यप्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है। मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि किसानों से उपार्जित गेहूँ में से 73 लाख 51 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूँ का सुरक्षित भण्डारण भी किया जा चुका है। किसानों को उपार्जित गेहूँ का भुगतान भी लगातार किया जा रहा है। अभी तक लगभग 17 हजार 870 करोड़ रूपये से अधिक का भुगतान किसानों को किया जा चुका है।

## जल गंगा संवर्धन अंतर्गत नदी पुनर्जीवन कार्यशाला सम्पन्न

**सतना.** जल गंगा संवर्धन अभियान सतना के अंतर्गत मां मंदाकिनी नदी पुनर्जीवन जागरूकता अभियान का शुभारंभ एक दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से किया गया। इस अभियान का प्रथम चरण 11 मई से 18 मई तक आयोजित होगा। इसी क्रम में नदी पुनर्जीवन पर एक दिवसीय कार्यशाला कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां में आयोजित की गई। इस मौके पर कुलगुरु महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय भरत मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन, तकनीकी विशेषज्ञ प्रवीण पाठक, संभाग समन्वयक, जन अभियान परिषद, रीवा संभाग, डॉ. नवीन शर्मा, डॉ. अखिलेश जांगड़े, वरिष्ठ वैज्ञानिक, कृषि वैज्ञानिक केंद्र, मझगवां तथा जिला समन्वयक डॉ. राजेश तिवारी उपस्थित रहे। कार्यशाला का शुभारंभ मां भारती और भारतरत्न नानाजी देशमुख के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। वैश्विक जल चुनौती और नदियों में उत्पन्न हो रहे जल संकट के प्रति चिंता जाहिर करते हुए कहा कि मंदाकिनी नदी जो अत्यंत प्राचीन और पौराणिक है। जिसकी महिमा चित्रकूट के कण- कण में व्याप्त है।

# जिला दण्डाधिकारी ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक संदेश प्रसारित करने पर भी रोक

**पन्ना.** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 अंतर्गत कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा लोकहित में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। यह आदेश आगामी दो माह तक प्रभावशील रहेगा।

अब धरना, प्रदर्शन, आंदोलन, रैली, सभा, पुतला दहन, पद यात्रा, रथ यात्रा इत्यादि के लिए अनुविभागीय मजिस्ट्रेट से अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होगा अन्यथा वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अनुमति उपरांत आयोजनकर्ता और रैली व धरना में भाषण देने वाले व्यक्ति किसी भी प्रकार से आम जनता को भड़काने या हिंसा फैलाने वाली बातें अथवा भड़काउ शब्दों एवं भाषा का प्रयोग नहीं करेंगे। लोगों को शस्त्र देने, बांटने या शासन के खिलाफविद्रोह करने वाली भाषा का प्रयोग भी प्रतिबंधित रहेगा। इसके साथ ही अनुमति पत्र में दी गई सभी शर्तों का पालन करना एवं करवाना भी बाध्यकारी होगा। किसी समुदाय, संगठन, राजनैतिक दल, समिति, प्रतिनिधि मंडल के आयोजन के दौरान किसी सार्वजनिक स्थल, शासकीय परिसर, शासकीय कार्यालय, भवन अथवा किसी भी सरकारी, सार्वजनिक, निजी संपत्ति को कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार से क्षति पहुंचाने पर कार्यक्रम आयोजक के विरूद्ध विधिसम्मत कार्यवाही होगी।

जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश में उल्लेखित है कि गत 7 मई को भारतीय सेना द्वारा की गई कार्यवाही से उद्भूत परिस्थिति एवं असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंध लगाया जाना जरूरी होने के कारण जिले के सभी होटल, लॉज, धर्मशाला तथा छात्रावास प्रबंधक एवं स्वामी तत्काल संबंधित थाना में अपने संस्थान की जानकारी देंगे। यहां ठहरने वाले व्यक्तियों की दैनिक जानकारी थाना प्रभारी को दी जाएगी। मकान स्वामी अपने किराएदार के बारे में भी संपूर्ण जानकारी संबंधित थाना में देंगे।

इसके अतिरिक्त संपूर्ण पन्ना जिले में सोशल मीडिया पर कोई भी व्यक्ति सामाजिक एवं व्यक्तिगत रूप से आपत्तिजनक व अश्लील संदेशों को प्रसारित नहीं करेगा। महिला एवं अल्पसंख्यक वर्ग या समुदाय अथवा जाति विशेष के विरूद्ध भी प्रतिकूल टिप्पणी करने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक, द्वेषपूर्ण या धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले संदेश एवं चित्र, ऑडियो, वीडियो प्रसारित करना तथा आतंकवाद, जातिवाद, साम्प्रदायिकता को बढ़ावा देने वाले चित्र, ऑडियो, वीडियो, कमेंट्स इत्यादि पर भी रोक रहेगी। आदेश के उल्लंघन पर संबंधित के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 एवं अन्य सुसंगत प्रावधानों के अनुसार अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी।

# घोषणाएं कम...काम अधिक -मोहन 'राज' की रणनीति

**भोपाल (यशभारत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अब तक के कार्यकाल का आकलन किया जाए तो यह तथ्य सामने आता है कि उनकी रणनीति साफ है कि जो कहना है, वह करना है। उनकी सरकार भी इसी मंत्र पर काम कर रही है। यानी मोहन 'राज' की रणनीति है...घोषणाएं कम...काम अधिक। अपने अब तक के कार्यकाल में मुख्यमंत्री कोरी घोषणाएं करने से परहेज करते नजर आए हैं। उनका पूरा फोकस प्रदेश में एक समान और संतुलित विकास पर है। इसलिए वे केवल वहीं घोषणाएं कर रहे हैं जिसे अमलीजामा पहनाया जा सके। इसका परिणाम भी देखने को मिल रहा है कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं का क्रियान्वयन भी कुछ दिनों में शुरू कर दिया जाता है। मोहन यादव ने कई मायनों में यह साबित कर दिया कि उन्हें मुख्यमंत्री बनाने का भाजपा का फैसला दूरदर्शी था। चुनौतियां कई थीं, पर उन्होंने काल के प्रवाह में इन फैसलों को मजबूती में बदलकर नेतृत्व के फैसले को सही साबित किया। शहर से ग्रामीण व्यवस्था तक हर मोर्चे पर सरकार ने अपना विजन बनाकर काम शुरू किया। जो काम प्रदेश में 20 साल में भी नहीं हुए थे उन पर सरकार ने सबसे ज्यादा फोकस किया।

अगर आंकड़ों पर नजर डालें तो 13 दिसंबर 2023 को मुख्यमंत्री का पद संभालने वाले डॉ. मोहन यादव ने डेढ़ साल के भीतर प्रदेश में विकास कामों से जुड़ी सिर्फ 611 ही घोषणाएं की हैं। भाजपा के ही पूर्व मुख्यमंत्री की तरह उन्हें अभी तक घोषणा वीर का तमगा नहीं मिला है। मोहन किसी भी काम या योजना की घोषणा तभी करते हैं, जब उसके जल्द पूरी होने की संभावना हो, इसलिए डेढ़ साल में की गई घोषणाओं में 150 पूर्ण भी हो गई है। इससे उनका विजन और काम करने का तरीका प्रशंसा के काबिल बन जाता है। मोहन सरकार में अगर सबसे अधिक खुश कोई वर्ग है तो वह है कर्मचारी। सरकार ने कर्मचारियों की वर्षों पुरानी मांगों को पूरा करने की घोषणा तो की है साथ ही उनके क्रियान्वयन की दिशा में भी काम किया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अगुवाई वाली सरकार ने महंगाई भत्ते (डीए) को 55 प्रतिशत तक बढ़ाने का ऐलान कर दिया है, जिसके आदेश वित्त विभाग ने 7 मई को जारी कर दिए। यह बढ़ोतरी 1 मई से लागू होगी, और कर्मचारियों को जून के वेतन के साथ इसका लाभ मिलेगा। न केवल सातवें वेतनमान वाले कर्मचारी और पेंशनर्स, बल्कि छठवें वेतनमान वाले कर्मचारियों को भी इस तोहफे का फायदा मिलेगा। वहीं एरियर की राशि जून से अक्टूबर 2025 तक पांच समान किस्तों में दी जाएगी। यह फैसला मध्य प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनर्स के बीच उत्साह की लहर ला रहा है, खासकर ऐसे समय में जब महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ रखी है। सरकार ने पेंशनर्स और फैमिली पेंशनर्स के लिए भी महंगाई राहत (डीआर) बढ़ाने का आदेश जारी किया है। वित्त विभाग के 30 अक्टूबर 2024 के आदेश के तहत, पेंशनर्स और फैमिली पेंशनर्स को 1 अक्टूबर 2024 से सातवें वेतनमान में 50 प्रतिशत और छठवें वेतनमान में 239 प्रतिशत डीआर दी जा रही थी। यही नहीं सरकार ने कर्मचारियों की पदोन्नति की भी राह खोल दी है।

### 611 में से 150 घोषणाएं पूर्ण

मप्र का मुख्यमंत्री बने डॉ. मोहन यादव को 508 दिन हो चुके हैं। इस दौरान उन्होंने प्रदेशभर में दौरे भी किए और करोड़ों की लागत के विकास कामों का लोकार्पण तथा शिलान्यास किया है। लेकिन अभी तक उन्हें घोषणा वीर मुख्यमंत्री बनने का तमगा नहीं मिला। वैसे उन्होंने भी इस दौरान 611 घोषणाएं कीं और यह घोषणाएं शहरों का विकास, सडक़ों, पुल-पुलियों का निर्माण, स्कूल भवनों का विकास, छोटे शहरों, कस्बों का नाम परिवर्तन, ग्रामीण क्षेत्रों में विकास से जुड़ी घोषणाएं की है। 611 में से अधिकांश घोषणाएं स्कूल हो या शहरों के नाम बदलने की हैं। इनमें से 150 घोषणाएं पूर्ण हो चुकी हैं और 461 अभी लंबित हैं, जिनमें से अधिकांश सततं पूर्ण होने की प्रक्रिया में हैं। इनमें नगरीय विकास एवं आवास की 80, लोक निर्माण, सडक़ों के निर्माण की 77, स्कूल शिक्षा से जुड़ी 41 और पंचायतों की 25 घोषणाएं शामिल हैं। इस हिसाब से मुख्यमंत्री के नाते मोहन यादव ने एक दिन में दो भी घोषणा नहीं की।

### तीन महीने में पूरी की जा रही घोषणाएं...

भाजपा सरकार में डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने से पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री रहे उमा भारती, बाबूलाल गौर के समय हर दिन 15 से 20 घोषणाएं की जाती रही हैं। खासकर तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह के समय काफी घोषणाएं हुई थीं। उनके कार्यकाल में घोषणाओं की संख्या 15 से 20 हजार के बीच थी। बाद में वे पूरी भी कराई गई, लेकिन शिवराज को तत्कालीन समय में घोषणा वीर का तमगा विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने दिया था? कमलनाथ ने तो इस मुद्दे पर कई बार शिवराज के खिलाफ ट्वीट भी किए, लेकिन मोहन के समय में ऐसी घोषणाओं की अभी तक बारिश नहीं हुई है। मुख्यमंत्री के नाते मोहन यादव प्रदेशभर में दौरे कर रहे हैं और वे जहां भी लोकार्पण, शिलान्यास करते हैं, उनमें से अधिकांश काम विधायकों की अनुशंसा पर किए जा रहे हैं। वर्तमान में अधिकांश लोकार्पण सीएम राइज स्कूल को लेकर हो रहे हैं।

## सियासी मोर्चे पर भी सफल हुए सीएम मोहन



मुख्यमंत्री मोहन यादव न केवल सरकार चलाने में सफल साबित हुए, बल्कि राजनीतिक मोर्चे पर भी सफल रहे। 2024 के लोकसभा चुनाव में सभी 29 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल कर राजनीतिक पंडितों को हैरान कर दिया। कांग्रेस के देश में सबसे मजबूत गढ़ों में शामिल रही छिंदवाड़ा सीट पर भी 26 साल बाद जीत दर्ज की। इससे पहले अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव में जीत से पार्टी में अपना कद बता चुके थे। सत्ता और भाजपा संगठन के बीच बेहतर तालमेल देखा गया है। जमीनी स्तर पर सरकार की योजनाओं और छवि को बेहतर बनाने में संगठन के पदाधिकारी बूथ से लेकर शक्ति केंद्रों तक पहुंचे। लोगों तक पहुंचने के लिए बूथ भाजपा की सबसे छोटी इकाई है। यहां संगठनात्मक कामों ने सरकार के पहले वर्ष को नई ऊर्जा दी। हितग्राहियों को योजनाओं से जोडऩे और सरकार के विजन को बताने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मा सौंपा गया। उन्होंने सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाया। चुनौती कुछ विधायकों ने कानून-व्यवस्था से लेकर ब्यूरोक्रेसी पर अनेदखी के आरोप लगाए। इस दौरान संगठन ने ऐसे नेताओं को सख्त चेतावनी देते हुए अनुशासन का पाठ पढ़ाया।



## समारोह में हिस्ट्री शीटर ने की फायरिंग, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**भोपाल, यशभारत।** शहर के बदमाशों के आपत्ति जनक वीडियो आए दिन सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। इन वीडियो में नियम कानूनों का खुलेआम उल्लंघन करते दिखते हैं। ऐसा ही एक वीडियो गोविंदपुरा थाने के हिस्ट्री शीटर बदमाश गोपाल पाटिल का वॉट्सएप पर वायरल हो रहा है। इसमें वह नाचते हुए पिस्टल से गोली चला रहा है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि वह मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक वीडियों में अन्ना नगर गोपाल पाटिल नाचते हुए पिस्टल से फायर करते हुए दिख रहा है। इस दौरान उसमें कुछ लोग पैसा भी उड़ा रहे हैं। वीडियो कब का है और कहां का है इसकी जांच की जा रही है। हालांकि सूत्रों का कहना है कि यह वीडियो थाने के समीप अन्ना नगर बस्ती का है जहां हाल ही में एक शादी समारोह में पाटिल ने फायरिंग की है। उल्लेखनीय है कि पाटिल का नाम करीब नौ साल पहले तब सुर्खियों में आया था,जब उसने वर्चस्व के विवाद में अपने साथियों के साथ मिलकर दिनेश और वेंकटेस नामक युवकों पर पहले गोली चलाई थी और उसके बाद उन्हें चाकुओं से गोद दिया था। वह इसके बाद से लगातार अपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहा है।

## उधारी के पैसे मांगे तो झौंक दिया फायर



**भोपाल यशभारत।** तलैया इलाके में एक युवक द्वारा उधारी के पैसे मांगने पर दो भाईयों ने आवेश में आकर गोली चला दी। पुलिस ने आरोपी भाईयों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपियों की गिरफ्तारी नही हुई है। पुलिस के मुताबिक पंचयाती मस्जिद के समीप इस्लामपुरा निवासी कासिम भैंस की चर्बी का कारोबार करता है। उससे मोहल्ला में रहने वाले शहनबाज और उसके भाई गुलशान उर्फ छोटू चर्बी खरीदकर उसे फुटकर में बेचने का काम करते हैं। दोनों भाई उससे ली गई चर्बी का पैसा नहीं दे रहे थे, जिससे परेशान होकर कासिम सुब करीब साढ़े सात बजे उनसे उधारी का पैसा मांगने उनके घर पहुंच गया। सुबह-सुबह घर आकर पैसा मांगने से नाराज होकर शहनबाज और उसके भाई ने गाली गलौज करते हुए उसे भयभीत करने के लिए कट्टे से हवाई फायर कर दिया। पुलिस ने दोनों भईयों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## रेस्टोरेंट कुक की हत्या का आरोपी गिरफ्तार




### काम करते वक्त वैटर ने दे दी थी गाली, करछी का वार सिर पर लगने से हुई थी मौत

**भोपाल।** खजूरी सड़क में स्थित वन बाईट रेस्टोरेंट के किचन में हुई हत्या के मामले में फरार हुए आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया है। उसे अदालत में पेश करने की तैयारी की जा रही है। इधर, हमले में मृत वैटर का हमीदिया अस्पताल में पीएम कराया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार बायपास पर वन बाईट रेस्टोरेंट हैं। यहां शब्बीर खान पिता नसरुद्दीन खान उम्र 35 साल वैटर का काम करता था। वह कोहेफिजा थाना क्षेत्र में रहता था। इसी रेस्टोरेंट में आरोपी राजाबाबू नागर कुक का काम करता है। दोनों शनिवार दोपहर होटल में काम कर रहे थे। किचन में राजाबाबू नागर भोजन बना रहा था। उसी दौरान हुई कहासुनी के बाद राजाबाबू नागर को शब्बीर खान ने गाली दे दी। इस बात से नाराज राजाबाबू नागर ने अपने हाथ में मौजूद करछी उठाकर मार दिया। यह वार उसके सीधे सिर पर जाकर लगा और वह वहीं पर ढ़ेर हो गया। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। आरोपी खजूरी सड़क में स्थित बकानिया गांव का रहने वाला था। उसे रविवार सुबह हिरासत में ले लिया गया है। इससे पहले खजूरी सड़क पुलिस ने मर्ग कायम किया था। जिसकी जांच के बाद पुलिस ने शनिवार रात ही हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया था। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल करछी को जब्त कर लिया है। आरोपी को घटनास्थल पर भी ले जाया जा रहा है। मामले की जांच एसआई संजय मिश्रा कर रहे हैं।

## 3.0 पोर्टल के माध्यम से लगेगी शिक्षकों की ई-अटेंडेंस

### ट्रायबल विभाग के ढाई लाख शिक्षकों के लिए नई व्यवस्था



**भोपाल (यशभारत)।** प्रदेश में 15 जून से शिक्षा का सत्र री-ओपन होगा। ऐसे में स्कूल शिक्षा विभाग ने नई पहल की है, जिससे सरकारी स्कूलों से शिक्षक गायब नहीं रह पाएंगे। इसके लिए प्रदेश के करीब चार लाख शिक्षकों की उपस्थिति सार्थक एप के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज होगी। यह एप शिक्षकों की लोकेशन दर्ज करेगा साथ ही आनलाइन चेहरा दिखाई देने पर ही उपस्थिति लगेगी। वहीं दूसरी तरफ ट्रायबल विभाग अपनी आश्रम शालाओं में जिन ढाई लाख शिक्षकों से बच्चों का अध्यापन करवाता है, उनकी ई-अटेंडेंस 3.0 पोर्टल के माध्यम से लगेगी।

जानकारी के अनुसार प्रदेश में ढाई लाख शिक्षकों की ऑनलाइन अटेंडेंस पूर्व से संचालित एम शिक्षा मित्र पर यह उपस्थिति लागाने की तैयारियां हुई थीं। अब डिपार्टमेंट ने नवीन सिस्टम तैयार किया है। इधर जिस ट्रायबल विभाग अपनी आश्रम शालाओं में ढाई लाख टीचरों से बच्चों का अध्यापन करवाता है। वहां पर अभी कोई तैयारियां नहीं हैं। प्रदेश में 15 जून से शिक्षा का सत्र री-ओपन हो रहा है। इसी दिन से स्कूल शिक्षा विभाग के अधीन काम करने वाले हर शिक्षक की ऑनलाइन उपस्थिति होगी। जब यह मसौदा तैयार किया गया था। तब कहा गया था कि पूर्व से संचालित एम शिक्षा मित्र पर टीचरों की ऑनलाइन अटेंडेंस लगाई जाएगी। अब विभाग ने निर्णय बदला है। विद्यालयों के समस्त रिकार्ड को संग्रहित करने के लिए विभाग ने जिस नवीन 3.0 पोर्टल को लांच किया है। उसी के माध्यम से शिक्षकों की ई-अटेंडेंस लगवाई जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि इसके लिए एक्सपर्ट की टीम काम कर रही है। यह काम चुनौतीपूर्ण है, लेकिन इसे समय सीमा में कर लिया जाएगा। कमिश्नर लोक शिक्षण संचालनालय शिल्पा गुप्ता का कहना है कि हम 15 जून से राज्य के स्कूलों में शिक्षकों की ई-अटेंडेंस लगवाएंगे। इस विषय में तेजी से काम चल रहा है। जितने शिक्षक पदस्थ है। सभी को ऑनलाइन अटेंडेंस लगानी होगी।

### शिक्षकों की होगी पूरी मॉनीटरिंग

विभाग में अधिकारियों का मानना है कि ऑनलाइन अटेंडेंस लगेगी तो पूरा डिटेल रहेगा कि शिक्षक कितने बजे विद्यालयों में पहुंचा है। शिक्षकों की स्कूलों में समय पर मौजूदगी होगी तो बच्चों के शैक्षणिक कार्यों में भी गुणात्मक विकास होगा। अब जिला शिक्षा अधिकारियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। अभी तक जिला शिक्षा अधिकारी निरीक्षण करते रहे। अनुपस्थित शिक्षकों पर कार्यवाही के लिए विभाग को जानकारी दी जाती रही। इससे डिपार्टमेंट में भी चिंताएं बढ़ती रही है। अब सिस्टम ऐसा तैयार हो रहा है कि शिक्षक को स्कूल में निर्धारित समय अनुसार ड्यूटी करना होगी। अन्यथा इनकी वेतन पर असर पड़ेगा। स्कूल शिक्षा की तरह ट्रायबल डिपार्टमेंट पदस्थापना, प्रमोशन और वेतन व्यवस्था को छोड़ अध्यापन पैटर्न एक जैसा है, लेकिन अभी यहां पर ऑनलाइन अटेंडेंस के लिए कोई तैयारियां नहीं है। जब पोर्टल 3.0 तैयार हो रहा था। तब स्कूल शिक्षा और ट्रायबल अधिकारियों की मंत्रालय में बैठक हुई थी। इसमें सहमति बनी थी कि एक साथ ऑनलाइन अटेंडेंस लगाई जाएगी।

### ट्रायबल में आनलाइन प्रक्रिया का चल रहा काम

यहां यह भी तय नहीं हुआ कि शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति स्कूल शिक्षा विभाग के 3.0 से लिंक होगी, या फिर ट्रायबल डिपार्टमेंट अलग पोर्टल तैयार करेगा। हालांकि स्कूल शिक्षा विभाग का कहना है कि ट्रायबल में भी एक ही तिथि से शिक्षकों की उपस्थिति आनलाइन होगी। वहां भी काम चल रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग 15 जून से प्रदेश में ऑनलाइन अटेंडेंस तो शुरू करने जा रहा है, लेकिन शिक्षकों ने ही इस प्रक्रिया में अनेक तकनीक अड़चने बताई है। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष भरत पटेल का कहना है कि विभाग आये दिन शिक्षकों को पढ़ाई की बजाय गैर शैक्षणिक कार्यों में लगाता है। अब जब शिक्षक दूसरे काम करेगा तो वह कैसे समय पर स्कूलों में पहुंच पाएगा। रस्थ ग्रामीण अंचलों में अनेक ऐसे क्षेत्र है, जहां इंटरनेट की दिक्कत है। विभाग को इन समस्याओं का समाधान पहले करना होगा। राज्य में 20 हजार ऐसे शिक्षक है, जो पिछले कई सालों से स्कूलों में नहीं पहुंच पाये है। विभाग की रिपोर्ट अनुसार मतदाता सूची में कार्य के नाम पर अनेक शिक्षक, कलेक्टर, जिला पंचायतों और तहसील कार्यालयों में पिछले पांच साल से बाबूगिरी कर रहे है।

## पत्नी को घर से निकाला और झूल गया फांसी पर

**भोपाल, यशभारत।** छोला इलाके में किराए से रहने वाले एक युवक ने विवाद के बाद पत्नी को मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया और फिर फांसी लगा ली। बताया जाता है कि मृतक अत्याधिक शराब पीने का आदि था। पुलिस ने फिलहाल शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों कके हवाले कर दिया है। पुलिस के मुताबिक खुरई निवासी 35 वर्षीय युवक शिवनगर फैस 3 में किराए से रहता था। वह पुताई का काम करता था। उसका शराब पीने को लेकर बीते तीन दिनों से पत्नी से विवाद हो रहा था। वह जो भी पैसा कमाता था, उसे शराब में खर्च कर देता था। इसकी वजह से विवाद हो रहा था। बीत रात भी उसने विवाद के बाद पत्नी को मारपीट कर घर से निकाल दिया था जिसकी वजह से वह रात में रेलवे स्टेशन पर बैठी रही। इसी दौरान उसने घर में फांसी लगा ली। उसके फांसी लगाने की सूचना पुलिस को मकान मालिक की पत्नी ने दी। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मृतक दो साल पहले गंजबसौदा निवासी युवती से प्रेम विवाह किया था। इसकी वजह से दोनों से उनके घरवालों ने रिश्ता समाप्त कर लिया था। फिलहाल मृतक का एक पांच माह का बेटा भी है।

## एक्सीलेंस कॉलेज के छात्र की सड़क दुर्घटना में मौत



**भोपाल, यशभारत।** भोपाल देहात क्षेत्र में स्थित परवलिया सड़क इलाके में एक्सीलेंस कॉलेज के एक छात्र की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा तक हुआ जब छात्र बाइक पर मां और मामा के बेटे के साथ सवार था। पुलिस को अभी तक दुर्घटना के पीछे कोई ठोस वजह पता नहीं चली है।

**नौजवान बेटे की मौत से परिजन शोकाकुल-** परवलिया सड़क थाना पुलिस के अनुसार सड़क दुर्घटना 09 मई की सुबह सात बजे हुई थी। हादसा मुबारकपुर ब्रिज पर हुआ था। पुलिस ने बताया कि बाइक एमपी–39–जेडए–0421 पर संदीप वर्मा, उसकी मां सुमित्रा वर्मा और मामा का बेटा मलखान वर्मा सवार थे। परिवार राजगढ़ जिले में स्थित ब्यावरा में रहता है। बाइक को संदीप वर्मा ही चला रहा था। वह भोपाल में एक्सीलेंस कॉलेज में पढ़ाई करता है। उसे गंभीर हालत में हमीदिया अस्पताल ले जाया गया। यहां डाक्टर शर्मा ने मृत घोषित कर पुलिस को खबर कर दी। परवलिया सड़क पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। प्रकरण की जांच एएसआई अजय चंद्रवंशी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि परिजन अभी शोकाकुल है। इसलिए हादसे को लेकर कोई ठोस तथ्य पुलिस को पता नहीं चले हैं। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद मामले की जांच तेज की जाएगी।

## अवैध शराब माफियाओं में वर्चस्व की जंग

### मचाया उत्पात, आगजनी कर किया पथराव

**भोपाल, यशभारत।**

एक सनसनीखेज घटनाक्रम में बीडीए कॉलोनी में अवैध तरीके से शराब बेचने के लिए क्षेत्र के वर्चस्व को लेकर माफियाओं ने उत्पात मचाया, आगजनी के साथ पथराव भी किया। विवाद की वजह अवैध तरीके से शराब बेचने को लेकर है। जिसमें दो गुट पिछले छह महीने से एक–दूसरे से रंजिश पाले रखे हुए हैं। इसी विवाद के चलते शुक्रवार–शनिवार की दरमियानी रात जमकर उपद्रव हुआ। बदमाशों का क्षेत्र में इतना आतंक है कि कोई भी परिवार इन उपद्रवियों के खिलाफ बोलने को तैयार नहीं था। इन दोनों ही गुटों को एक राजनीतिक पार्टी से संरक्षण भी प्राप्त हैं। जिस कारण कार्रवाई करने पर पुलिस अधिकारियों पर ही पिछले दिनों गाज भी गिर चुकी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार यह सनसनीखेज वारदात अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित बीडीए कॉलोनी के एक नंबर सेक्टर में हुई। यहां देशराज मकोरिया और उसके बेटे घर से अवैध तरीके से शराब बेचने का काम करते हैं। यह बात पुलिस विभाग को बहुत अरसे से पता भी है। कुछ महीने पहले पुलिस ने दबिश भी दी थी लेकिन कार्रवाई से पूर्व मुखबिरी हो गई थी। इसी क्षेत्र में दूसरा बदमाश आरोपी गुड्डू बाथम है जो अवैध तरीके से खुलेआम शराब बेचने का काम करता है। इन दोनों ही गुटों के बीच छह महीने से रंजिश चल रही है। दरअसल, दोनों ही गुट एक–दूसरे के खिलाफ मुखबिरी करके शराब भी पकड़ाते हैं। इस कारण दोनों ही पक्षों के बीच जमकर तनातनी चल रही है। इसी तनातनी के बीच 09–10 मई की दरमियानी रात एक बजे जमकर उपद्रव हो गया। दोनों गुटों के करीब दो दर्जन लोग आमने–सामने थे। जमकर एक–दूसरे पक्षों पर पथराव किए गए। इसमें दो वाहनों के कांच बुरी तरह से चकनाचूर हो गए। इसके अलावा गुड्डू बाथम जिन्हें हमला करने के लिए लेकर आया था उनके तीन वाहनों को देशराज मकोरिया के बेटों ने मिलकर बीच चौराहे पर रखकर उसे जला दिया। उपद्रवी भारतीय सेना में तैनात एक परिवार के घर के बाहर खड़ी कार में भी आग लगाने जा रहे थे। लेकिन, घर के बाहर कैमरा देखकर वे रुक गए। जिसकी कार थी वह असम में तैनात हैं। उसे भारतीय सेना में बने ताजा हालातों के चलते अवकाश रद्द करते हुए बुलाया गया है। वह कार उसकी ही थी जो उपद्रव के दौरान बाल–बाल बच गई।

**नाम सुधार**

मैं अंश मौर्य पिता मुकेश मौर्य यह घोषणा करता हूं कि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम मुकेश मौर्य दर्ज है। जो कि सही है। परंतु ममेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरे पिता का नाम मुकेश मौर्य काछी दर्ज हो गया है। जो कि गलत है। मेरे पिता का सही नाम मुकेश मौर्य के से जाना पहचाना पढ़ा एवं दर्ज किया जाये।

गलत नाम- मुकेश मौर्य काछी।
सही नाम- मुकेश मौर्य
पता= 625 चांदमारी रोड द्वारिका नगर लालमाटी जबलपुर मप्र

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - जबलपुर (म.प्र.)**

E-mail modgmjab@MP.gov.in

क्रमांक–952.../खनिज/2025 — दिनांक 09.05.2025

**म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए द्वितीय सूचना पत्र**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री सुधीर मिश्रा पिता स्व. श्री शिवशंकर मिश्रा पता–1818/ए. गुप्तेश्वर रोड़ कृपाल चौक, जबलपुर द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 24.07.2024 को प्रस्तुत किया गया था। आवेदित क्षेत्र के संबंध में आपत्ति हेतु दिनांक 13.04.2025 तक प्रथम सूचना पत्र जारी किया गया था, परंतु अन्य कोई आपत्ति प्राप्त न होने से आपत्तियों के संबंध में पुनः प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस तक प्रस्तुत उत्खनिपट्टा आवेदन पत्र के संबंध में आपत्तियाँ आमंत्रित की जाती है। आपत्तियाँ कार्यालयीन समय में स्वयं अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत की जा सकती हैं।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा हेक्टर में | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जबलपुर | जबलपुर | धाधरा | 82 | 0.860 | शासकीय भूमि | गिट्टी एमसैण्ड | – |
| | | | कुल रकबा | 0.860 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य व्यक्तियों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से निर्धारित तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक) आपत्तियाँ आमंत्रित की जाती हैं।
2. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत नवकरण स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
3. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जायेगा।

"पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

जी–12733/25

सहायक खनि अधिकारी
जिला– जबलपुर (म.प्र.)

# जेसीबी से गिराया स्कूल का खंडहर भवन

## लोगों ने ली राहत की सांस



**गोसलपुर, यशभारत।** जनपद पंचायत सिहोरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत खमरिया कटरा के पोषक ग्राम सिमरिया में सन 1955 में बना प्राइमरी स्कूल का भवन जो की अनेक वर्षों से खंडहर हो चुका था और अनुपयोगी साबित हो गया था यह खंडहर भवन रहवासी क्षेत्र में होने के कारण खुले आम दुर्घटना को निमंत्रण दे रहा था बीते सालों जर्जर भवनों को गिराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा आदेशित भी किया गया था इसके बावजूद भी उक्त भवन को शिक्षा विभाग द्वारा नहीं गिराया गया और न ही पूरा प्रशासन को उक्त जर्जर भवन की जानकारी दी गई थी दुर्घटना संभावित भवन को देखते हुए जनसेवा समिति व ग्राम के लोगों द्वारा जिला कलेक्टर को पत्र सौंपकर जर्जर भवन को गिराने की मांग की गई थी जिस पर जनपद पंचायत सिहोरा के सीईओ द्वारा सचिव को उक्त भवन गिरने के निर्देश दिए गए प्राप्त दिशा निर्देश के परिपालन में सचिव किशोरी राय द्वारा भवन को जेसीबी से गिरवाया गया भवन के गिरने से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

# क्षेत्र में संचालित औद्योगिक इकाइयों में बेरोजगारों को नहीं मिला काम

## भटक रहे युवा कर रहे , जिम्मेदार बेफिक्र



**गोसलपुर, यशभारत।** जहां एक ओर प्रदेश की सरकार द्वारा लोगों को ज्यादा से ज्यादा स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिहाज से ग्रामीण अंचल व स्थानीय स्तर पर औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जाती हैं परंतु सिहोरा तहसील के गोसलपुर सेक्टर के तहत खनिज से आधारित व अन्य प्रकार की लगभग आधा दर्जन औद्योगिक इकाइयां संचालित है परंतु क्षेत्र के स्थानीय मजदूर युवा शिक्षित बेरोजगारों को इन इकाइयों पर शासन के नियमों के मुताबिक रोजगार नहीं मिल पाता बल्कि बाहरी लोग जैसे महाराष्ट्र गुजरात उत्तर प्रदेश अन्य प्रदेश व अन्य जिलो के लोगों को ज्यादा महत्व दिया जाता है स्थानीय युवाओं की उपेक्षा की जाती है बाहरी लोगों को काम दिया जाता है जिससे गोसलपुर सहित आसपास के लगभग दर्जन भर गांव के मजदूर युवा शिक्षित बेरोजगार रोजगार की तलाश में भटकते रहते हैं मजबूरी में उन्हें महानगरों की ओर पलायन कर अपना घर परिवार चलाना पड़ता है क्षेत्र में जब इन औद्योगिक इकाइयों की स्थापना हुई तब इन औद्योगिक इकाइयों के संचालकों द्वारा बड़े-बड़े वादे किए गए थे की औद्योगिक इकाई की स्थापना से क्षेत्रीय युवाओं को रोजगार मिलेगा जिससे क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदलेगी परंतु ऐसा बिल्कुल नहीं हुआ और बल्कि इन औद्योगिक इकाइयों की उड़ती धूल जहरीले पानी बड़े बडे वाहनों की आवाजाही से स्थानीय लोगों का जीना हराम है और रोजगार के नाम पर स्थानीय लोगों को कुछ नहीं मिला जिससे स्थानीय बेरोजगारों के मन में रोष व्याप्त है क्षेत्रीय जन जीवन लाल गुप्ता अबधभूषण दुबे बिहारी रजक मनीष पटेल अनिल चौधरी दीपक पटेल गुलाब सिंह मरकाम अनिल जैन पुरुषोत्तम असाटी ने इस ओर जिला प्रशासन व श्रम विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है की गोसलपुर क्षेत्र में संचालित उद्योगिक इकाइयों में शिक्षित बेरोजगार मजदूर युवाओं को प्राथमिकता के तौर पर रोजगार उपलब्ध कराया जावे ताकि क्षेत्रीय युवाओं को भटकना न पड़े और महानगरों की ओर पलायन न करना पड़े।




## जल संगोष्ठी आयोजित

# प्राचीन बावली की साफ सफाई करने की बनी योजना

**गोसलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तहत गठित ग्राम विकास। प्रस्फुटन समिति गोसलपुर के सदस्यों द्वारा सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जुझारी ग्राम में जल संगोष्ठीका आयोजन किया गया एवं जल की महत्वता के बारे में प्रकाश डाला गया समिति ने नगर में स्थित पुरातत्व विभाग के अधीन स्थित प्राचीन बावली की साफ सफाई कराने की योजना तैयार की गई इस मौके पर समिति के अध्यक्ष हेमचंद असाटी बलराम पटेल दीपक पटेल राज पटेल विकास यादव श्रवण कुमार श्रीवास सुशील लोधी अनिल रैकवार अरविंद पटेल रतनलाल कोरी घनश्याम दाहिया सुरेश कोरी श्याम सिंह उमाकांत लोधीउमेश लोधी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल लेकर फरार



**गोटेगांव, यशभारत।** विगतदिवस बीती रात शादी समारोह के दौरान प्रखर गार्डन गोटेगांव से एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोटरसाइकिल चोरी कर फरार हो गया, जिसकी शिकायत मोटरसाइकिल मालिक ने थाना गोटेगांव में की है आवेदक ने बताया कि में राजेंद्र पटेल पिता देवेंद्र पटेल निवासी ग्राम सालीवाडा में रहता हूं बीती रात को में अपने पिता देवेंद्र पटेल के नाम की मोटरसाइकिल जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर MP49MB 8195 है जिससे में रात को गोटेगांव परिवार की शादी में प्रखर गार्डन आया था मोटरसाइकिल गार्डन के अंदर खड़ाकर शादी कार्यक्रम में सम्मिलित होने अंदर चला गया और जब घर जाने के लिए वापस आया तो देखा की मोटरसाइकिल वहां नहीं थी जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया था उसमें अगर कोई अन्य घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी मेरी नहीं होगी, आवेदक राजेंद्र पटेल ने थाना गोटेगांव में शिकायत दर्ज कराकर मोटरसाइकिल चोर सहित पड़कर दिलाने की मांग की है !

# जंगल में एक युवती का मिला शव

## शिनाख्त कर किया अंतिम संस्कार

**गोटेगांव, यशभारत।** विगतदिवस पुलिस थाना ठेमी के सिरकोना ग्राम पंचायत के गांव गढपेरा के जंगल में एक युवती का शव मिला था। जो पांच दिन पुराना हो जाने से उसका चेहरा समझ में नहीं आ रहा था। इस शव के एक हाथ में 3 स्टार बने हुए थे। इस अज्ञात युवती की उम्र 22 साल के करीब थी। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस सक्रिय हुई इसी बीच चांदनखेड़ा गांव की एक नाबालिक किशोरी भी फरार हुई थी। इसलिए उस परिवार के सदस्यों को जानकारी देकर शव की शिनाख्ति के लिए बुलाया।इस अज्ञात युवती के खराब हो चुके शव को देखने के बाद उसके माता पिता और भाई ने शिनाख्त करते हुए अपनी बच्ची बताई और उसका पंचनामा करके पोस्टमार्टम करने की कार्रवाई करके अंतिम संस्कार कर दिया गया है। इसके बाद फरार हुई बच्ची का पता चल गया और उसके सामने आने से मातम में डूबे परिवार में खुशी आ गई।मगर अब सवाल यह उठ रहा है कि जिस अज्ञात बच्ची के शव को चांदनखेड़ा के सदस्यों ने पहचान की थी। आखिर वह युवती कहां की है।

### जिंदा वापस आई बच्ची खुश हो गया परिवार

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीओपी भावना मराबी का कहना है कि शव पुराना हो जाने से पहचान करने में चांदनखेड़ा के सदस्यों ने गलती की है। अब उस अज्ञात शव कहां का है। इसका पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। उनके अनुसार मुंगवानी और ठेमी थाना इलाके में ऐसी युवती की कोई गुमइंसानी की रिपोर्ट दर्ज नहीं है। इससे ऐसा लगता है कि यह आस पास की निवासी नहीं है। वह कहां की निवासी थी यहां पर कैसे आई इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। उनके एक हाथ में जो 3 स्टार बने हुए थे। उसके आधार पर उसका पता लगाने का प्रयास आस पास के पुलिस थाना में किया जा रहा है।

**भावना मरावी**
**एस.डी.ओ.पी थाना गोटेगांव**

# सप्त गजरथ की तैयारी अंतिम दौर में

## लगभग 14 एकड़ के विशाल परिसर में हो रही तैयारी



## लगभग 10 लाख लोगों के पहुंचने की संभावना

**पनागर, यशभारत।** भगवान श्री 1008 शांतिनाथ स्वामी जी की नगरी पनागर में लगभग 40 वर्ष बाद होने जा रहे सप्त गजरथ एवं श्री पंचकल्याणक महोत्सव की तैयारी अंतिम दौर में है लगभग 14 एकड़ के विशाल परिसर में विशाल प्रवचन हाल के साथ श्री पंच कल्याणक की संपूर्ण तैयारी लगभग पूर्णता की ओर है संपूर्ण देश के चारों ओर से लाखों भक्तजनों की पहुंचने की संभावना हैपरम पूज्य आचार्य गुरुवर 108 श्री विद्यासागर महाराज जी के परम शिष्य 108 आचार्य गुरुवर श्री समय सागर जी के सानिध्य में 13 मुनि महाराज जी 10 एलक महाराज जी एवं 4छुललक महाराज जी अभी वर्तमान में पनागर नगर अतिशय क्षेत्र में विराजमान है एवं लगभग 20 आरिका माताजी की भी पहुंचने की संभावना है पूज्य गुरुवर के सानिध्य में लगभग 40 वर्ष पूर्व जब आप मुनि अवस्था में थे तब आपके सानिध्य में पनागर में गजरथ महोत्सव संपन्न हुआ था अब आपके आचार्य पदारोहण के पश्चात पुण 40 वर्षों के पश्चात आपके सानिध्य में प्रथम सप्त गजरथ एवं श्री पंचकल्याणक महोत्सव का सानिध्य का आयोजन किया जा रहा है बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर गुरुजी श्री धीरेंद्र शास्त्री जी महाराज के भी पनागर आने की संभावना है क्षेत्रीय लोकप्रिय विधायक पं सुशील तिवारी इंदू भैया द्वारा इसके प्रयास किया जा रहे हैं नगर के साथ साथ संपूर्ण जबलपुर शहर एवं आसपास के अनेक जिलों में लोगों में हर्ष का वातावरण है प्रतिदिन हजारों भक्तजन पनागर पहुंचकर गुरुवार के दर्शन कर आशीर्वाद ले रहे हैं श्री जैन प्रबंध करनी सभा एवं गजरथ कमेटी के अध्यक्ष राजेश कटंगा पंपी द्वारा अपनी संपूर्ण कमेटी एवं नगर के सभी नागरिकों के साथ इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए बहुत बड़ी स्तर पर तैयारी की जा रही है।

### बागेश्वर धाम के पीठाधीश गुरुवार धीरेंद्र प्रसाद शास्त्री के पहुंचने की भी संभावना

# ग्रामीण ने स्वास्थ्य केंद्र में यथावत डॉक्टर होने के साथ-साथ स्टाफ बढ़ाएं जाने की मांग की

*गोटेगांव यशभारत। करकबेल स्थित बीते दिनों दिल्ली से जांच टीम के निरीक्षण के बाद भी नहीं सुधार पा रही स्वास्थ्य व्यवस्थाएं, ग्रामीणों का कहना है कि यहां पहले से ही कर्मचारियों का अभाव स्टाफ की कमी है और जिलाधिकारी द्वारा आए दिन करकबेल के डॉक्टर की ड्यूटी गोटेगांव लगा दी जा जाती है ।*



करकबेल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ना हीं स्थाई डॉक्टर जिससे करकबेल के सभी क्षेत्रवासीयों को इलाज करवाने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है। और जिला अधिकारी द्वारा करकबेल के डॉक्टर मुकेश धुर्वे कि ड्यूटी आए दिन गोटेगांव स्वास्थ्य केंद्र में लगाई जाती है जिससे क्षेत्र के मरीजों को परेशानी का समान करना पड़ रहा है वहीं आस पास के गांव वालों को आए दिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इस संबंध में जब कुछ ग्रामीणों ने वहां पर पदस्थ डॉक्टर मुकेश धुर्वे से फोन पर बात कि तो उन्होंने बताया मेरी ड्यूटी गोटेगांव अस्पताल में चल रही है, यहां पर नर्सों एवं कंपाउंडर के भरोसे करकबेल अस्पताल चल रहा है अब ऐसे में जिम्मेदार डॉक्टर ना रहने पर करकबेल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कभी भी दुर्घटना घटित हो सकती है आखिर कब तक चलेगी जिला प्रशासन की मनमानी, करकबेल एवं आसपास ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से करकबेल स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर मुकेश धुर्वे यथावत और अन्य स्टाफ बढ़ाएं जाने की मांग की है

# एकाग्र होकर की गई भक्ति भवसागर से पार करती है : समय सागर महाराज

पनागर यशभारत। 14 मइ से आयोजित सप्त गजरथ एवं श्री पंचकल्याणक की आयोजन को लेकर दूर-दूर से धर्म प्रेमीजन पनागर पहुंचना प्रारंभ हो गए हैं पूज्य महाराज श्री के सुबह 8:00 बजे से मांगलिक प्रवचन एवं अन्य कार्यक्रम प्रारंभ होते हैं और 9:30 बजे से मुनि संघ की आहार चर्या चालू हो जाती है नगर में धर्ममय वातावरण बना हुआ है जबलपुर कटंगी पाटन शाहपुरा सिहोरा गोसलपुर बरेला भेड़ाघाट सहसपुर सहित अनेक स्थानों से भक्तजन पुरुष माताएं युवा वर्ग जनता पहुंच रहें है परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य 108 श्री विद्यासागर महाराज जी के परम शिष्य 108 आचार्य



समय सागर महाराज जी ने आज अपने मांगलिक प्रवचन में कहा कि व्यक्ति मंदिर तो जाता है लेकिन वहां भी भगवान की भक्ति से दूर रहता है और उसका मन यहां वहां भटकता है संसारी प्राणी निश्चित भगवान की शरण से दूर रहेगा मंदिर तो जाएगा लेकिन उसे उसका वास्तव में लाभ नहीं मिलेगा अगर भगवान की भक्ति करना है अगर भगवान को प्राप्त करना है या भगवान की शरण में जाना है तो उसे एकाग्र चित् होकर भक्ति का लाभ लेना होगा तभी वह अपना उद्धार कर सकता है देव शास्त्र गुरु की भक्ति प्रत्येक मानव को संसार सागर से पर ले जा सकती है आज कार्यक्रम में का संचालन श्री जैन प्रबंधकरनी सभा एवं गजरथ कमेटी के अध्यक्ष राजेश कटंगा ने किया।

# मैंगो शेक का भोग अर्पित कर श्री हनुमानलला की हुई महाआरती

गोटेगांव, यशभारत। विगत दिवस स्थानीय श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मे बजरंग सेना नर्मदाखंड महाआरती समिति के तत्वाधान में श्री रामभक्त हनुमानजी की महाआरती पं.दीपकतिवारी के आचार्यत्व में पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि विधान के साथ मुकुंद अग्रवाल द्वारा पूजन अर्चन कर श्री संकट मोचनजी को मैंगो शेक का भोग अर्पित कर भक्तों में प्रसाद वितरण किए जाने के उपरांत उपस्थित श्रद्धालु जनों ने सामूहिक रूप से श्रीराम स्तुति श्री हनुमान चालीसा श्री हनुमानजी की महाआरती का गायन किया गया,गौरतलब हैकि श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर महाआरती समिति द्वारा प्रत्येक शनिवार को हनुमान ललाजी की संगीतमय धुन पर महाआरती विगत 5 वर्षों से भी अधिक समय से एवं 282वें सप्ताह सेनिरंतर जारी साप्ताहिक संगीतमय महाआरती के पश्चात समिति की भजनमंडली सदस्यो द्वारा भजनों की अनुपम प्रस्तुति पप्पूसोनी धर्मेंद्रचौबे विद्याचरण पाराशर पंकज नौरिया एवं सहयोगियों के द्वारा महाआरती संपन्न हुई इस अवसर पर बद्री प्रसाद चौकसे नर्मदा प्रसाद गुप्ता रघुनाथ राय जगन्नाथ अग्रवाल कंछेदी पटेल शिव कुमार विश्वकर्मा नीरज नेमा अमरनाथ विश्वकर्मा बृजेश श्रीवास्तव विमलेश राय मनोज नामदेव दीपक सोनी नीरज सोनी मातृशक्ति से अमृता दुबे गीता शर्मा निशा शर्मा सोनाली नामदेव अनिता राय लीलावती पटेल सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति श्रद्धालुबंधु व नन्हेमुन्ने बच्चों की उपस्थिति सराहनीय रही

# पंचायत कर्मियों की अनदेखी , चबूतरे का नहीं हो रहा उपयोग



गोटेगांव पूर्व समर्थन मूल्य पर अनाज खरीदने के लिए ग्राम पंचायत श्रीनगर के पचामा इलाके में एवं ग्राम पंचायत लाठगांव के धोबीराजा इलाके में सरकारी भूमि पर लाखों रुपए की लागत से चबूतरें का निर्माण जब से कराया गया है। तब से इसका कोई उपयोग समर्थन मूल्य पर अनाज खरीदी के रूप में नहीं हुआ है। जिस मकसद से लाखों रुपए खर्च किए गए हैं। वह पूरी तरह से व्यर्थ चले गए हैं और इन चबूतरों का उपयोग किसी कार्य मे नहीं हो रहा है यहां पर पंचायत कर्मियों की अनदेखी के कारण इन सरकारी चबूतरों का उपयोग कुछ प्रभावशाली किसान अपने अनाज को सुखाने के लिए करते है। इन दोनो जगह पर निर्मित किए गए सरकारी चबूतरें का उपयोग करने के लिए पंचायत कोई कार्ययोजना तैयार करें ताकि उसकी उपयोगिता बनी रही।






# मातृसेवा संघ की यशोगाथा

समाज मे विशेष रूप से अस्पताल विश्व में स्वयं की एक अलग प्रतिमा सुतिकागृहने निर्माण की है. माननीय कमलताई हॉस्पेट के द्वारा प्रारंभ किये गये इस अस्पताल को 84 वर्ष पूर्ण हुए है. अनेक संकटोंपर मात करके,प्रतिकूल परिस्थितीका सामना करते हुए प्रभावती ताई जकातदार और उनके सहयोगीओंने अस्पताल को आगे बढाया है.कोई भी संस्था जब प्रगती करते हुए 84 वर्ष पूर्ण करती है तब निश्चित रूप से एक इतिहास निर्माण होता है. संस्था की प्रगती, उसके कारण मिलने वाली प्रसन्नता ये सब बाते सुवर्ण अक्षरों से लिखनी चाहिये इतनी महत्त्वपूर्ण होती है.

सुतिका गृहके 85 वर्षों के सफलतम सेवा में सबका सहयोग रहा है.डॉक्टर्स, नर्सेस, मेट्रन्स,अन्य स्टाफ सबके मेहनत के कारण आज अस्पताल सुव्यवस्थित रूप से चल रहा है. साथ ही निःस्पृह, निरपेक्ष भावसे सहयोग देने वाले कार्यकारणी सदस्य,संस्था के अन्य सदस्य, समाज के मान्यवर दानदाता इन सबके कारण ही संस्था का आज तक का विकास हुआ है.जबलपूर मे जब संस्था प्रारंभ हुई, तब जचकी केवल सरकारी अस्पतालो मे होती थी. सुतिकागृह मे मां के हृदय से जच्चा बच्चा की चिंता की जाती थी. उस समय दस दिन अस्पताल मे रहने की पद्धती थी. दस दिन नवमाता को गरम भोजन, दूध, खीर, हलवा दिया जाता था. जिससे उसके कमजोरी दूर हो सके आज समाज की धारणाएं बदल चुकी है. फिर भी आज भी सुतिका गृह मे गरम और पौष्टिक भोजन की सुविधा उपलब्ध है.सुतिका गृह के प्रारंभ के काल में डॉक्टर प्रधान सेवाएं देते थे. डॉक्टर प्रधान से लेकर डॉक्टर सुले, डॉक्टर स्वामी, डॉक्टर कीर्ती फडणीस, डॉक्टर अरुणा फडणीस, डॉक्टर स्मृती दास तक सबका संस्था के विकास में सहयोग रहा है.आज भी सब डॉक्टर्स उतनेही लगन से संस्था के प्रगती मे जुटे हुए है.आज अस्पताल मे सब सुविधाएं उपलब्ध है. सेंट्रलाइज्ड ऑक्सिजन प्रणाली, जन्मजात अति संवेदनशील शिशुओं के लिए विशेष चिकित्सा केंद्र,पिलीया के लिए फोटोथेरपी युनिट, 4D सोनोग्राफी आदी आवश्यक सुविधाये एक ही छत के नीचे उपलब्ध है.वर्तमान में संस्था की मार्गदर्शक माननीय सुश्री जय लक्ष्मी अय्यर, सचिव श्रीमती शुभांगी गुप्ता माननीय प्रभावती ताई जकातदारजी के कुशल नेतृत्व मे प्रशिक्षित हुई है. आज उनके मार्गदर्शन में संस्था अग्रेसर हो रही है। सुतिका गृह को नॅशनल अचीवमेंट अवॉर्ड फॉर हेल्थ एक्सलेंस और ब्रेस्ट फीडिंग प्रमोशन नेटवर्क ऑफ इंडिया का बेस्ट स्टेट शाखा का अवॉर्ड सहित कई अवॉर्ड मिल चुके है.सुतिका गृह का पूरा स्टाफ अपनी संस्था से भावनिक रूप से कितना जुडा हुआ है इसका अनुभव कोरोना काल मे आया. लॉकडाऊन मे हर तरफ चिंता का वातावरण था. अचानक आये इस संकट के कारण सब यंत्रणाये ठप्प हुई थी. बाकी हॉस्पिटल्स मे भी अन्य रोगीओंको घर भेजने की स्थिति निर्माण हुई थी. परंतु सुतिका गृह अपवाद था क्योंकि मॅटरनिटी होम होने के कारण पेशंट को मना करना संभव नही था. अस्पताल बंद करने का कोई विकल्प ही नही था. सफाई कर्मचारी से लेकर डॉक्टर तक सबकी उपस्थिती अनिवार्य थी. हर व्यक्ति की अस्पताल को उतनीही आवश्यकता थी. इसलिये अस्पताल पूर्णरूपेण चालू था. सब सुविधाये एक ही स्थान पर मिलने के कारण पेशंट भी निश्चिंत मनसे अस्पताल मे आ रहे थे.लॉकडाऊन प्रारंभ होते ही बाहर की परिस्थिती का आकलन करते हुए अस्पताल मे आवश्यक बदलाव किये गये और व्यवस्थांए की गई. दो गज की दूरी का शब्दशः पालन किया गया. अस्पताल रोज सॅनिटाइज किया जाता रहा. अस्पताल मे ही मास्क तयार करके सबको वितरित किये गये। लॉकडाऊन पूर्ण रूप से अनलॉक होने तक एक भी स्टाफने एक दिन का भी अवकाश नही लिया. और पुरे करोनाकाल मे अस्पताल सुचारू रूप से चलाया. कमलताई हॉस्पिटल से लेकर आज तक के संस्था के सभी कार्यकर्ताओ ने समाज के सामने सेवा का एक आदर्श खडा किया है. ऐसी है मातृ सेवा संघ एवं शिशु कल्याण केंद्र की सफल यशोगाथा।

**मातृसेवा संघ की सुतिकागृह एवं शिशु कल्याण केंद्र की जबलपूर शाखा की कल्पना केवल कपोल कल्पित नही है वरन् सबके लिये प्रेरणादायी है. साथ ही माननीय प्रभावती ताई जकातदार और उनके सहयोगीओं के परिश्रमों का फल है.केवल तीन कमरे और छह बिस्तरों से प्रारंभ किया गया यह सुतिका गृह आज 75 बिस्तरों के सुसज्जित अस्पताल के रूप मे विकसित हुआ है. अस्पताल से संबंधित सब चिकित्सा विभाग, जैसे सोनोग्राफी, पॅथॉलॉजी, नवजात शिशुग्रहण चिकित्सा केंद्र आदी... अध्यायावत सुविधाये अस्पताल मे उपलब्ध है.**



# इंग्लैंड दौरे पर नहीं जाएंगे विराट, टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने की कही बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का मन बना लिया है। ऐसे में उनके इंग्लैंड दौरे पर टीम का हिस्सा बनने की संभावना कम है। हालांकि, बीसीसीआई के एक उच्च अधिकारी ने कोहली से इस फैसले पर दोबारा सोचने को कहा है। अब देखना होगा कि चयन समिति जब इंग्लैंड दौरे के लिए टीम का ऐलान करेगी, तब कोहली के भविष्य को लेकर क्या फैसला होता है। विराट से पहले रोहित शर्मा ने बुधवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था। 7 मई को उन्होंने एक इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की और रेडबॉल क्रिकेट को अलविदा कह दिया। हालांकि वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में मैच खेलते रहेंगे, जो उनका मजबूत पक्ष रहा है। रोहित शर्मा की तरह विराट कोहली ने भी टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने के बाद क्रिकेट के सबसे



छोटे फॉर्मेट को अलविदा कह दिया था। ऐसे में रोहित और कोहली की जोड़ी क्रिकेट फैन्स को वनडे में खेलती हुई दिखेगी। वहीं दोनों वर्तमान में आईपीएल क्रिकेट में खेलते हुए दिखे, जिसे फिलहाल भारत-पाकिस्तान के तनाव के कारण स्थगित कर दिया गया था। भारत के चयनकर्ता कुछ दिनों में इंग्लैंड में अगले महीने होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम चुनने के लिए मिलने वाले हैं। यह जानकारी मिली है कि कोहली इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद से अपने टेस्ट भविष्य पर विचार कर रहे थे, जब उन्होंने पहले टेस्ट में शतक लगाने के बाद खराब प्रदर्शन किया था।

36 साल के विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेलते नजर आए थे। जहां भारत को 5 मैचों की सीरीज में 1-3 से हार मिली थी। कोहली ने सीरीज के पहले मैच में शतक जरूर लगाया था, लेकिन इसके बाद वह संघर्ष करते दिखे थे। कोहली ने तब उस सीरीज के 5 मुकाबलों की 9 पारियों में 23.75 के एवरेज से महज 190 रन बनाए थे। इसमें पर्थ में जड़ा गया 100 रनों का नॉट आउट शतक भी शामिल था। कोहली का टेस्ट डेब्यू जून 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ किंग्सटन में हुआ था। कोहली ने तब पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 15 रन बनाए थे। वहीं कोहनी ने आखिरी टेस्ट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में खेला था, जो जनवरी 2025 में खेला गया था। इस आखिरी टेस्ट में कोहली ने पहली पारी में 17 तो दूसरी पारी में 6 रन बनाए थे।


# बल्लेबाज आंद्रे रसेल की लव स्टोरी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज आंद्रे रसेल की लव स्टोरी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। आईपीएल 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेल रहे आंद्रे रसेल का बल्ला भले इस बार शांत हो, लेकिन उनकी निजी जिंदगी हमेशा सुर्खियों में रही है। रसेल की पत्नी जैसिम लोरा सिर्फ एक खूबसूरत चेहरा नहीं, बल्कि एक मशहूर अमेरिकी मॉडल और फैशन ब्लॉगर भी हैं, जिनका सोशल मीडिया पर जबरदस्त क्रेज है। जैसिम की पहचान उनके बोल्ड फोटोशूट और इंस्टाग्राम पर स्टाइलिश अंदाज के लिए होती है। वह जेसीमलोरारु नाम से इंस्टा पर एक्टिव हैं और उनके तीन लाख से ज्यादा फॉलोवर्स हैं। जैसिम कई नामचीन ब्रांड्स के साथ काम कर चुकी हैं और फैशन इंडस्ट्री में एक जाना-माना नाम हैं। लेकिन क्रिकेट की दुनिया में उनकी चर्चा तब शुरू हुई, जब वह आंद्रे रसेल की गर्लफ्रेंड के तौर पर सामने आईं। रसेल और जैसिम का रिश्ता 2014 में सगाई के साथ सार्वजनिक हुआ और दो साल बाद, जुलाई 2016 में दोनों ने शादी कर ली। उनकी शादी का जश्न बेहद निजी और खास था। इसके बाद जनवरी 2020 में उनके घर एक प्यारी सी बेटी ने जन्म लिया। जैसिम न सिर्फ रसेल की पत्नी हैं, बल्कि उनकी सबसे बड़ी सपोर्टर भी हैं। आईपीएल, सीपीएल या कोई भी बड़ा टूर्नामेंट हो, जैसिम स्टैंड में मौजूद होकर रसेल का हौसला बढ़ाती नजर आती हैं। उनकी मौजूदगी कैमरे में अक्सर कैद होती है, जहां वह अपने पति के हर चौके-छक्के पर झूमती दिखती हैं। सोशल मीडिया पर वह सिर्फ फैशन की नहीं, बल्कि अपने परिवार की झलक भी साझा करती हैं। जैसिम लोरा आज आंद्रे रसेल की जिंदगी का अहम हिस्सा ही नहीं, बल्कि उनकी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ का मोटिवेशन भी बन चुकी हैं। जहां एक ओर रसेल मैदान में गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हैं, वहीं जैसिम अपने स्टाइल और सपोर्ट से हर इवेंट में छाई रहती हैं।

# भारत-पाक तनाव के बीच एशिया कप पर संकट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप 2025 की मेजबानी इस बार भारत को मिली है, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच उत्पन्न युद्ध जैसी स्थिति ने इस टूर्नामेंट के आयोजन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस तरह से सीमा पर तनाव बढ़ा है, उसमें यह संभावना बेहद कम नजर आ रही है कि इस साल एशिया कप का सफल आयोजन हो पाएगा। अगर भारत इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने से इनकार कर देता है, तो एशिया कप के आयोजन की संभावना लगभग खत्म मानी जा रही है, क्योंकि भारत के बिना इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट का कोई महत्व नहीं रह जाएगा। बीसीसीआई पहले ही आईपीएल 2025 को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर चुका है। इस बीच धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच चल रहे





मैच को ड्रोन हमलों और ब्लैकआउट की स्थिति के कारण रद्द कर दिया गया था, जिससे लीग की सुरक्षा चिंताओं को और बल मिला। अगर आने वाले दिनों में हालात सामान्य नहीं होते हैं, तो यह आशंका है कि आईपीएल 2025 को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करना पड़ सकता है। हालांकि, ऐसे संकटपूर्ण समय में बीसीसीआई को एक संभावित राहत अगस्त-सितंबर की विंडो के रूप में मिल सकती है।

यदि एशिया कप रद्द होता है, तो बीसीसीआई उस समय का उपयोग आईपीएल 2025 के बचे हुए मैचों को पूरा करने के लिए कर सकता है। इस समयावधि में भारतीय टीम का कोई बड़ा अंतरराष्ट्रीय टूर शेड्यूल नहीं है, जिससे बोर्ड के पास लीग को दोबारा शुरू करने के लिए पर्याप्त समय और संसाधन उपलब्ध हो सकते हैं। बीसीसीआई पहले ही कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु जैसे शहरों को वैकल्पिक वेन्यू के तौर पर चिन्हित कर चुका है, जहां सुरक्षा स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है।

# आईपीएल 2025 के बचे मैच कराने इंग्लैंड तैयार : माइकल वॉन

## ईसीबी ने बीसीसीआई से किया संपर्क

**मुंबई, यशभारत।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के कारण आईपीएल 2025 को शुक्रवार को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया। इसके बाद अटकलें तेज हो गई हैं कि अगर शेष मैच भारत में आयोजित नहीं हो पाते, तो बीसीसीआई के पास कौन से विकल्प मौजूद हो सकते हैं। इस बीच, इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन ने इंग्लैंड में आईपीएल के मैचों को आयोजित करने का प्रस्ताव दिया था, जिसके बाद इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बीसीसीआई से टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर बातचीत शुरू की है। एक इंग्लिश मैगजीन के मुताबिक, शुक्रवार की शाम को ईसीबी ने बीसीसीआई से संपर्क किया। हालांकि, बीसीसीआई की तरफ से इस बातचीत को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि आईपीएल 2025 को तत्काल प्रभाव से एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि बीसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारियों और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने प्रमुख हितधारकों के साथ परामर्श करने के बाद यह निर्णय लिया। गौरतलब है कि गुरुवार को जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी मिलने के बाद धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच को रद्द कर दिया गया था, जिसके बाद आईपीएल के भविष्य को लेकर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे थे। बीसीसीआई सचिव ने एक विज्ञप्ति में कहा, ÷बीसीसीआई ने आईपीएल के बाकी मैच तुरंत प्रभाव से एक सप्ताह के लिए स्थगित करने का फैसला लिया है। नए कार्यक्रम और टूर्नामेंट के आयोजन के बारे में समय आने पर जानकारी दी जाएगी। इस निर्णय से पहले संबंधित अधिकारियों और हितधारकों के साथ हालात की व्यापक समीक्षा की जाएगी।

# पंत की फॉर्म में गिरावट के पीछे खराब शॉट का चयनः सिद्धू



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने ऋषभ पंत की फॉर्म में गिरावट के पीछे उनका खराब शॉट चयन, मानसिक दबाव और टीम की कमजोर स्थिति को जिम्मेदार ठहराया है। आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी संभाल रहे ऋषभ पंत के खराब प्रदर्शन पर पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। इस सीजन में पंत अपनी बल्लेबाजी से कोई खास असर नहीं छोड़ पाए हैं। वह लगातार फ्लॉप हो रहे हैं और टीम भी उनकी कप्तानी में जूझती नजर आ रही है। अब तक खेले गए 11 मुकाबलों में लखनऊ सुपर जायंट्स सिर्फ 5 मैच जीत सकी है और प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें लगभग खत्म होती जा रही हैं। ऐसे में एक और हार से टीम की पूरी उम्मीदें समाप्त हो सकती हैं। नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि ऋषभ पंत बार-बार गलत शॉट चयन के चलते आउट हो रहे हैं। उन्होंने कहा, आप हर बार मुश्किलों से बाहर नहीं निकल सकते। पंत पर अपनी छवि को बनाए रखने का दबाव है जो उनके प्रदर्शन को प्रभावित कर रहा है। यह मानसिक दबाव उनके चेहरे और खेल में साफ नजर आता है। वह कप्तान के रूप में कई बार संयम खो देते हैं जिससे विपक्षी टीम को फायदा मिलता है। सिद्धू ने आगे कहा कि पंत को महेंद्र सिंह धोनी से सीख लेनी चाहिए जो अपने शांत और संतुलित स्वभाव के लिए जाने जाते हैं। सिद्धू ने सुझाव दिया कि पंत को अपनी सोच में बदलाव लाना चाहिए और क्रिकेट की मूलभूत बातों पर लौटना चाहिए। उन्होंने साफ कहा कि पंत को शॉट सिलेक्शन के मामले में बहुत सोच-समझकर फैसला लेना होगा। गौरतलब है कि लखनऊ सुपर जायंट्स ने मेगा नीलामी में ऋषभ पंत को 27 करोड़ रुपये में खरीदा था, जिससे वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए थे। लेकिन उनका प्रदर्शन अब तक उस कीमत के अनुरूप नहीं रहा है।



# शख्सियत के मुताबिक रोल मिलेगा तो कमबैकर करुंगीः मुमताज



**मुंबई, यशभारत।** हाल ही में एक इंटरव्यू में हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री मुमताज ने बताया कि वह तभी फिल्मों में लौटेंगी जब उन्हें अपनी शख्सियत और लुक्स के मुताबिक रोल मिलेगा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि वह 'बुड्ढी' या किसी की मां के किरदार में वापसी नहीं करना चाहतीं। मुमताज ने कहा कि लोग उन्हें जिस तरह देखते हैं, उस तरह का कोई रोल उन्हें अब तक ऑफर नहीं हुआ है। इसलिए वह फिल्मों में लौटने का फैसला टाल रही हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि अगर उन्हें सही स्क्रिप्ट मिले, तो वह जरूर दोबारा कैमरे के सामने आना चाहेंगी, लेकिन वह कोई भी रोल सिर्फ वापसी के लिए नहीं करेंगी। मुमताज के इस बेबाक जवाब ने उनके फैंस को एक बार फिर से उनका दीवाना बना दिया है। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने लिखा कि उनका कॉन्फिडेंस कमाल का है और उम्र के इस पड़ाव पर भी वह खुद के लिए स्टैंड लेना जानती हैं। अगर मुमताज की प्रोफेशनल जर्नी पर नजर डालें, तो उन्होंने महज 11 साल की उम्र में फिल्म लाजवंती से अपने करियर की शुरुआत की थी। शुरुआती दिनों में वह स्टंट फिल्मों की हीरोइन के रूप में जानी जाती थीं, लेकिन 'राम और श्याम', 'मेरे हमदर्द मेरे दोस्त' और विशेष रूप से 'दो रास्ते' जैसी फिल्मों की सफलता ने उन्हें मुख्यधारा की सुपरस्टार बना दिया। 1976 में नागिन के बाद उन्होंने फिल्मों से ब्रेक लिया और 1990 में फिल्म आंधियां से पर्दे पर वापसी की। इसके बाद उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री से पूरी तरह दूरी बना ली और लंदन में अपने पति के साथ बस गईं। मुमताज का यह बयान न केवल उनके आत्मविश्वास को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि वह अब भी अपने दर्शकों के सामने एक दमदार और यादगार रोल के साथ आना चाहती हैं, ना कि किसी मजबूरी या चलन के दबाव में। बता दें कि हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री मुमताज ने अपने हालिया इंटरव्यू में फिल्मों में वापसी को लेकर दिलचस्प बयान दिया है। 60 और 70 के दशक में अपने हुस्न और अदाओं से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली मुमताज अब लंबे समय से फिल्मों से दूर हैं।



# रॉ एजेंट धालीवाल के किरदार में नजर आएंगे ऋतिक

**मुंबई, यशभारत।** बॉलीवुड की फिल्म वॉर 2 में सुपरस्टार ऋतिक रोशन एक बार फिर रॉ एजेंट कबीर धालीवाल के किरदार में नजर आएंगे। सोशल मीडिया पर फिल्म से जुड़ी एक तस्वीर लीक हो गई है, जिसमें ऋतिक जापानी तलवार 'कटाना' के साथ एक भयंकर एक्शन पोज में नजर आ रहे हैं। तस्वीर देखकर लग रहा है कि एक्टर इस तलवार के साथ ही अपने एक्शन सीक्वेंस खत्म करेंगे। यह तस्वीर एक जापानी मॉनेस्ट्री जैसे सेट पर शूट किए गए सीन की बताई जा रही है, जिसे मुंबई के अंधेरी स्थित वाईआरएफ स्टूडियो में शूट किया गया है। दावा किया जा रहा है कि यह सीन ऋतिक के ग्रैंड एंट्री सीक्वेंस का हिस्सा है। धुंध से घिरे इस 300 साल पुराने पहाड़ी मॉनेस्ट्री जैसे सेट में ऋतिक का 'बीस्ट मोड' लुक फैंस को दीवाना बना रहा है। हालांकि यह सिर्फ एक तस्वीर है, फिर भी इससे फैंस के बीच फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ गई है। सोशल मीडिया पर लोग इस लुक को अब तक का सबसे स्टाइलिश और जबरदस्त बता रहे हैं। वॉर 2 2019 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म वॉर का सीक्वल है, जिसे अयान मुखर्जी डायरेक्ट कर रहे हैं। इस फिल्म में ऋतिक के साथ साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर विलेन की भूमिका में नजर आने वाले हैं। कियारा आडवाणी भी एक अहम रोल में हैं। फिल्म में शाहरुख खान और सलमान खान के कैमियो और पोस्ट-क्रेडिट सीन में आलिया भट्ट की झलक भी देखने को मिल सकती है। वार-2 के साथ ही सुपरस्टार ऋतिक रोशन एक बार फिर अपने जबरदस्त एक्शन अवतार में वापसी करने को तैयार हैं।



# पब्लिसिटी के लिए बिल्कुल तैयार नहीं थींः मीरा राजपूत

**मुंबई, यशभारत।** हाल ही में एक पॉडकास्ट में बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की पत्नी मीरा राजपूत ने खुलासा किया कि शाहिद से शादी के शुरुआती दिनों में उन्हें कितनी चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। बातचीत के दौरान मीरा ने कहा कि शादी के वक्त वह केवल 20 साल की थीं और इतने बड़े स्तर पर मिलने वाली पब्लिसिटी के लिए बिल्कुल तैयार नहीं थीं। मीरा ने बताया कि शादी के कुछ ही दिनों के भीतर उन्हें फेसबुक पर अचानक 3000 फ्रेंड रिक्वेस्ट आने लगीं। उस समय यह संख्या उन्हें बहुत बड़ी लगी और उन्होंने डर के मारे अपना फेसबुक अकाउंट ही डिलीट कर दिया। उन्हें यह चिंता सताने लगी कि कहीं कोई उनके पुराने फोटो देख कर उन्हें जज न करे। मीरा ने कहा, मैं डर गई थी कि अगर किसी ने मेरा अकाउंट हैक कर लिया तो मेरी वो फोटोज देख लेगा जब मैं 15 साल की थी या किसी पार्टी में थी। लोग मेरे कपड़ों से मुझे जज कर सकते थे। उन्होंने आगे बताया कि वह दिल्ली की एक आम लड़की थीं और अचानक एक बॉलीवुड स्टार की पत्नी बन जाना उनके लिए बहुत बड़ा बदलाव था। उन्हें अपना शहर छोड़कर मुंबई आना पड़ा और एक पब्लिक फिगर की जिंदगी जीनी पड़ी। मीरा ने स्वीकार किया कि लोगों को भले ही उनकी जिंदगी किसी परीकथा जैसी लगती हो, लेकिन हकीकत में वह काफी अकेलापन महसूस करती थीं।

# रजनीकांत की कुली का टीजर वायरल, 14 अगस्त को होगी रिलीज



**मुंबई, यशभारत।** सुपर स्टार रजनीकांत की फिल्म कुली का टीजर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो चुका है, जिससे दर्शकों की उत्सुकता काफी बढ़ गई है। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या यानी 14 अगस्त को इसे वर्ल्डवाइड रिलीज किया जाएगा। उम्मीद की जा रही है कि यह फिल्म भारतीय सिनेमा के बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड को तोड़ने का दम रखती है। 72 साल की उम्र में भी रजनीकांत का स्टारडम ऐसा है कि बड़े-बड़े बॉलीवुड सितारे उनके सामने फीके नजर आते हैं। उनकी आने वाली फिल्म कुली इसका ताजा उदाहरण बन गई है, जो अपनी रिलीज से पहले ही फीस और बजट को लेकर सुर्खियों में है। इस फिल्म का कुल बजट 400 करोड़ रुपये बताया जा रहा है, जिसमें से 280 करोड़ रुपये तो सिर्फ रजनीकांत ने फीस के तौर पर वसूल लिए हैं। इस एक कदम से उन्होंने न केवल अपना पुराना रिकॉर्ड तोड़ा बल्कि जैकी चेन और आमिर खान जैसे सितारों को भी पीछे छोड़कर एशिया के सबसे महंगे स्टार बन गए हैं। कुली 14 अगस्त को रिलीज होने जा रही है, और इसमें रजनीकांत के साथ नयनतारा लीड रोल में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन एआर मुरुगादास कर रहे हैं, जबकि लोकेश कनगराज इसके निर्माता हैं। महंगे बजट की इस फिल्म में केवल डायरेक्टर की फीस ही 60 करोड़ रुपये है, जो अब तक किसी निर्देशक को मिली सबसे बड़ी रकम मानी जा रही है। इसके अलावा तेलुगु सुपरस्टार नागार्जुन ने भी इस फिल्म के लिए 35 करोड़ की फीस ली है, जिस पर 10 फीसदी जीएसटी भी जोड़ा गया है। फिल्म में श्रुति हसन, सत्यराज और उपेंद्र राव भी नजर आएंगे, हालांकि इनकी फीस इंडस्ट्री के सामान्य रेट के मुताबिक ही रखी गई है।



# बंटवारे के बाद कराची से वापस आए थे जगदीप, करना पडा संघर्ष

**मुंबई, यशभारत।** बालीवुड के हास्य अभिनेता जगदीप ने 'शोले' में सूरमा भोपाली का किरदार निभाकर दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। लेकिन इस सफलता तक पहुंचने का उनका सफर भूख, गरीबी और दर्द से भरा हुआ था। 29 मार्च 1939 को मध्यप्रदेश के दतिया में जन्मे जगदीप एक संपन्न मुस्लिम परिवार से ताल्लुक रखते थे। उनके पिता एक महाराजा के यहां वकील थे, लेकिन उनकी असमय मृत्यु ने पूरे परिवार को गरीबी में धकेल दिया। मां बच्चों को लेकर कराची चली गईं, लेकिन भारत-पाकिस्तान बंटवारे के दौरान हालात ऐसे बने कि उन्हें फिर भारत लौटना पड़ा। इस दौरान जगदीप ने आंखों के सामने हिंसा, लहूलुहान सड़कों और उजड़े हुए परिवारों को देखा। मुंबई आकर उनकी मां को अनाथालय में खाना पकाने का काम मिला, जबकि जगदीप ने पढ़ाई छोड़ दी और टिन के कारखानों में काम करना शुरू किया। हालत इतने खराब हो चुके थे कि परिवार के पास खाने को भी कुछ नहीं बचा था। कई बार जगदीप बेकरी के फर्श पर गिरी ब्रेड के टुकड़ों को उठाकर खाते, जिनमें कभी चूहे और कभी कॉकरोच मुंह मार चुके होते। वह गंदगी हटाकर वही टुकड़े खाकर खुद को जिंदा रखते। काम की तलाश करते हुए एक दिन उन्हें बी.आर. चोपड़ा की फिल्म 'अफसाना' में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट काम मिला, जिससे उन्हें तीन रुपये मेहनताना मिला। यही से उनके अभिनय सफर की शुरुआत हुई। इसके बाद उन्होंने 'हम पंछी एक डाल के', 'आर पार', 'अब दिल्ली दूर नहीं' जैसी फिल्मों में काम किया। उनकी एक्टिंग से प्रभावित होकर देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें अपने निवास पर नाश्ते के लिए बुलाया और अपनी छड़ी उन्हें तोहफे में दी। करीब 400 फिल्मों में अभिनय कर चुके जगदीप ने अपनी मेहनत और जज्बे से वह मुकाम हासिल किया, जो लाखों लोगों के लिए एक सपना है।

## देवताल पहाड़ी ब्लाइंड मर्डर का 48 घंटे में खुलासा

# मुलाकात में बेवफाई के चलते प्रेमिका की हत्या

**जबलपुर यश भारत।**

**देवताल की पहाड़ी पर हुए ब्लाइंड मर्डर का पुलिस ने 48 घंटे में खुलासा कर दिया। दिनदहाड़े हुई इस हत्या का कोई चश्मदीद गवाह नहीं था, जिससे यह मामला पूरी तरह से ब्लाइंड हो गया था। लेकिन घटनास्थल के पास मृतका का मोबाइल मिलने से जांच को दिशा मिली। हत्या प्रेम-प्रसंग के चलते की गई थी। आरोपी 19 वर्षीय अब्दुल समद प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) का निवासी है द्वारा युवती की जान ले ली क्योंकि वह उसकी कॉल्स को इग्नोर कर रही थी।**



मोबाइल की कॉल डिटेल खंगालने पर पुलिस को पता चला कि हत्या से ठीक पहले युवती के प्रेमी अब्दुल से युवती की बात हुई थी, वह जबलपुर में ही था। शुक्रवार की सुबह वह नागपुर से जबलपुर पहुंचा, जहां उसने कई बार युवती को कॉल किया, एक बार युवती ने फोन पिक किया तो आरोपी ने कहा कि वह अंतिम बार मिलने के लिए जबलपुर आया है, कहां पर मुलाकात हो सकती है। लड़की ने उसे दोपहर 12 बजे देवताल की पहाड़ी पर बुलाया। समय से पहले अब्दुल पहाड़ी पर पहुंच चुका था। जैसे ही युवती अब्दुल से मिलने पहुंची तो दोनों का विवाद हो गया। अब्दुल इस बात से नाराज था कि मोबाइल उसने खरीदकर दिया था, पर वह कहीं और बात करती थी। युवती जैसे ही शोर मचाते हुए वहां से जाने लगी तो अब्दुल ने चाकू निकाला और सबसे पहले उसका गला रेत दिया, इसके बाद आरोपी ने पेट में चाकू मारकर हत्या की और फिर मौके से फरार हो गया। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की लोकेशन ट्रेस की गई, जिससे वह पुलिस के शिकंजे में आ गया। जांच में यह भी पता चला कि पहले अब्दुल समद से घंटों बात करती थी। वारदात के बाद वह एक होटल में दो दिन छिपा रहा और बार-बार अपनी लोकेशन बदल रहा था। फिर नागपुर भागने की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने रविवार रात अंधमूक बायपास के पास बस का इंतजार करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पकड़ने में इस केस को सुलझाने में थाना प्रभारी प्रसन्न शर्मा, उप निरीक्षक आशा माहोरे, योगेन्द्र सिंह, आरक्षक अश्विनी द्विवेदी, संतोष जाट, शैलेंद्र पटवा, बालमुकुंद और साइबर सेल की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## टंकी से नीचे गिरा मजदूर, मौत

### आत्महत्या या हादसा : छानबीन में जुटी पुलिस

**जबलपुर, यशभारत।** पाटन थाना अंतर्गत थापक मोहल्ला पानी की टंकी से नीचे गिरे मजदूर की मौत हो गई। मृतक ने आत्महत्या की है या वह हादसे का शिकार हुआ इसका पता नहीं चल सका है। पुलिस मर्ग कायम कर छानबीन कर रही है। पाटन थाना प्रभारी गोविन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि थापक मोहल्ला वार्ड नंबर 10 निवासी सुरेंद्र पटेल पिता बैनी प्रसाद काछी 45 वर्ष का मजदूरी करता था। शनिवार सुबह काम पर जाने के लिए निकला था लेकिन देर शाम तक वापिस नहीं लौटा। चिंतित परिजन उसकी तलाश में जुटे हुए थे लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग रहा था। रविवार सुबह उसकी लाश घर के समीप बनी पानी की टंकी के नीचे मिली। जिसके शरीर में चोट के निशान मिले है। पैर और हाथ में फैक्चर है।





# मेडिकल अस्पताल में भी हो सकेगा हार्ट का ट्रांसप्लांट

### यूनिट खोलने की तैयारी

**जबलपुर, यशभारत।**

**हृदय प्रत्यारोपण (हार्ट ट्रांसप्लांट) के लिए अब नागपुर या किसी अन्य शहरों पर मरीजों को निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उपचार भी काफी सस्ता हो सकेगा। जल्द ही संभाग के सबसे बड़े चिकित्सा केंद्र नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कालेज अस्पताल में हार्ट ट्रांसप्लांट की सुविधा मिलने वाली है। इसके लिए मेडिकल प्रशासन ने हार्ट ट्रांसप्लांट यूनिट बनाने की तैयारी प्रारंभ कर दी है।**

विभाग की स्वीकृति के बाद यूनिट के लिए भवन, विशेषज्ञ डाक्टर, नर्सिंग स्टाफ व जरूरी मशीनों के लिए प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल कालेज प्रशासन से उपचार सुविधाओं के विस्तार को ध्यान में रखते हुए नए विभाग खोलने के संबंध में विकल्प मांगे थे, जिसके बाद जबलपुर मेडिकल कालेज ने हार्ट ट्रांसप्लांट यूनिट खोलने में रुचि दिखाई। दरअसल, महाकोशल के प्रमुख सरकारी अस्पताल का दर्जा हासिल कर चुके मेडिकल कालेज के पास शहर, आसपास ही नहीं अपितु विभिन्न जिलों से मरीज अपने स्वजन के साथ यहां आते हैं। प्रतिदिन ओपीडी में हृदय से जुड़ी बीमारियों के मरीज अधिक संख्या में दिख जाएंगे। मेडिकल कालेज अस्पताल के पास वर्तमान में हृदय रोग के सफल उपचार के लिए विशेषज्ञ डाक्टरों की बड़ी टीम है। सुपर स्पेशियलिटी में सर्जन भी हृदय से जुड़े विकार को लेकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### शल्य चिकित्सा को ऐसे समझें

हार्ट ट्रांसप्लांट एक ऐसी शल्य चिकित्सा प्रक्रिया है, जिसमें एक रोगग्रस्त या विफल हृदय को एक स्वस्थ हृदय से बदल दिया जाता है। आमतौर पर अंगदाता से प्राप्त होता है। यह प्रक्रिया उनके लिए विकल्प है, जिन्हें गंभीर हृदय रोग है और अन्य उपचारों से लाभ नहीं हुआ है। प्रत्यारोपण सर्जरी में, मरीज के रोगग्रस्त हृदय की जगह दाता के हृदय को लगाया जाता है।

हमारा पूरा फोकस है। इसके बन जाने से मरीजों के उपचार में मदद मिल सकेगी। अभी यूनिट के लिए भवन, जरूरी मशीनों की संख्या पर कार्य कर रहे हैं। साथ ही सहयोगी स्टाफको ध्यान में रखकर प्लान तैयार कर रहे हैं।
**- डा. नवनीत सक्सेना,** डीन मेडिकल कालेज अस्पताल



## दानापुर एक्सप्रेस से पकड़ा गया अमानक पानी

**जबलपुर यशभारत।**

**51 पेटी में 516 पानी बोतल जप्त**

गर्मी के दिनों में ट्रेनों एवं स्टेशनों पर अमानक पानी बेचने वालों की फौज देखी जा सकती है। जिसकी एक बानगी आज दानापुर एक्सप्रेस में सामने आई। इसके बाद डिप्टी एसएस आशीष चड्डा एवं चेकिंग स्टाफअमन द्वारा कार्रवाई करते हुए दानापुर उधना सुपरफास्ट से भारी मात्रा में अमानक पानी की पेटी जप्त की गई। इस संबंध में जानकारी के अनुसार पानी की 51 पेटी में 612 बोतल जप्त करते हुए पार्सल विभाग के सुपुर्द की। उक्त पानी गाड़ी के एस /8 कोच की कपलिंग के पास बेचने के लिए रखा हुआ था जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में कार्रवाई की गई अमानक पानी बरामद किया है। बताया जाता है कि इस पानी के बिकने की अनुमति रेल प्रशासन की तरफ से नहीं दी गई है। इसके बाद भी चोरी चुपके अनाधिकृत रूप से लोग बिक्री के लिए लाए थे।

### 4 घंटे में सिहोरा से जबलपुर पहुंची गाजीपुर स्पेशल. यात्री परेशान, गाजीपुर से चलकर हडपसर

जाने वाली गाड़ी संख्या 01432 रात में अपने निर्धारित समय से 4 घंटे लेट पहुंचने से भीषण गर्मी में यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के मुताबिक उक्त गाड़ी सिहोरा रेलवे स्टेशन में 3 घंटे तक खड़ी रही। जबकि इस गाड़ी का सिहोरा रेलवे स्टेशन में स्टॉपेज नहीं है कटनी से खुलने के बाद सीधे मदन महल स्टेशन रूकती है। इस गाड़ी के मदन महल पहुंचने का टाइम रात 8:25 है लेकिन उक्त गाड़ी रात 11:30 के लगभग स्टेशन पहुंची जिससे यात्री काफी परेशान रहे।

## आरोपी के घर में तोड़फोड़, शव रखकर प्रदर्शन

### विहिप कार्यकर्ता की हत्या से भड़का आक्रोश, पुलिस फोर्स की मौजूदगी में हुआ अंतिम संस्कार

**जबलपुर, यशभारत।**

रांझी थाना अंतर्गत शोभापुर व्हीकल मोड के पास जंगल में की गई विहिप कार्यकर्ता की हत्या के बाद आक्रोश भड़क गया है। रविवार को शव पीएम के बाद घमापुर निवास पहुंचा तो परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिजन शव से लिपटकर फूट-फूटकर रोए। इसके बाद जब शव को अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम ले जाया जा रहा था जैसे ही शव यात्रा सरकारी कुआं के पास पहुंची तो वहां रास्ते में आरोपित शुभम तिवारी का घर देख यात्रा में शामिल लोग आक्रोशत हो गए और कातिल के घर के सामने शव को रखकर प्रदर्शन करने लगे। उसके घर पर पथराव करते हुए तोड़फोड़ कर दी।हालांकि घर में ताला लगा हुआ था। गुस्साएं लोगों ने घर का गेट तोड़ने के साथ बाहर खड़ा ऑटो पलटा दिया। सूचना मिलते ही भारी पुलिस फोर्स पहुंच गया और आक्रोशितजनों को समझाइश दी। जिसके बाद शव को मुक्तिधाम ले जाया गया जहां पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार हुआ।

विदित हो कि गोलू उर्फ अमन श्रीवास 22 वर्ष निवासी घमापुर निवासी का दोस्त शुभम तिवारी, साहिल डेनियम समेत अन्य के साथ आठ मई को बरगी घूमने गया था। इसके बाद उसके दोस्त तो वापिस आ गए थे लेकिन अमन वापिस नहीं लौटा था चिंतित परिजन उसकी तलाश करते रहे लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद परिजन घमापुर थाने पहुंचे और गुमशुदगी दर्ज कराते हुए उसके दोस्तों पर शक जाहिर किया था। पुलिस ने संदेह के आधार पर युवक के दोस्तों से पूछताछ की। पहले तो उन्होंने गुमराह किया लेकिन जब सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने हत्या करना स्वीकार किया। इसकेसाथ ही शव को व्हीकल मोड के पास जंगल में फेंकना बताया था। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजने के बाद आरोपित साहिल और शुभम को हिरासत में ले लिया था। पीएम के बाद जब शव यात्रा मुक्ति धाम ले जायी जा रही थी तभी आरोपित शुभम निवासी सरकारी कुआं के घर के सामने परिजनों ने शव को रखकर प्रदर्शन किया। इसके साथ ही तोड़फोड़ की। इतना ही नहीं आरोपी के पिता की दुकान शीतलामाई में है जहां भी आक्रोशितजन तोड़फोड़ करने पहुंचे थे हालांकि पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। आक्रोशितजनों को समझाइश देते हुए उन्हें शांत कराया।

## बीच सड़क पर गाड़ी खड़ी करने को लेकर हंगामा

### ग्रामीणों ने लगाए पुलिस पर मारपीट के आरोप

**जबलपुर यशभारत।**

**जिले के मझगवां थाना क्षेत्र में बीती रात उस समय हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई जब पुलिस और जनता के बीच रोड में मोटरसाइकिल खड़े करने को लेकर विवाद बढ़ गया।**

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सड़क पर खड़ी एक दंपत्ति की बाइक का चालान काटने को लेकर थाना प्रभारी और दंपत्ति के बीच सड़क पर जमकर विवाद हुआ.. पति अनंत राम द्वारा बाइक सड़क के किनारे होने की बात कहते हुए चालान काटने का विरोध किया तो थाना प्रभारी आग बबूला हो गए और बात इतनी बढ़ी की टी आई ने पत्नी को जमकर धमकाने का भी आरोप है। और फिर पति को घसीटते हुए थाने ले गए जिसका वीडियो भी सामने आया है.. पति को छुड़ाने के दौरान पत्नी के साथ भी धक्कामुक्की हो गई..

पुलिस की इस कार्रवाई को देखते हुए ग्रामीण आक्रोशित हो गए और थाने का घेराव कर दिया.. बड़ी संख्या में थाने पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफनारेबाजी करते हुए पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए.. मामले की जानकारी लगते ही सिहोरा स्थ्हक्क पारुल शर्मा मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को शांत करते हुए पीड़ित दंपत्ति की बात सुनते हुए शिकायत लिखी और जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ। थाना प्रभारी द्वारा इस तरह चालान जैसी मामूली बात को लेकर दंपत्ति से अभद्रता और फिर पत्नी और बच्चे के सामने पति को घसीटते हुए थाने ले जाने के इस मामले ने एक बार फिर खाकी की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा दिए हैं।

## खंडहर में नवजात को फेंकने वाले कौन

### पुलिस नहीं जुटा पाई निर्दयी माता-पिता का सुराग

**जबलपुर, यशभारत।** निर्दयी सात से आठ घंटे की नवजात शिशु बालिका को घमापुर थाना अंतर्गत सिद्धबाबा रोड हनुमान मंदिर के पास खंडहर मकान में 22 मार्च को छोडकर चले गए थे नवजात रोती बिलखती मिली थी जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था पुलिस ने खण्डर मकान में असुरक्षित नवजात को छोडकर फरार हुए अज्ञात के खिलाफएफआईआर तो दर्ज कर ली लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी पुलिस यह सुराग नहीं जुटा पाई कि आखिर नवजात को कौन फेंककर गया। विदित हो कि 22 मार्च को शनिवार सुबह लगभग 11-30 बजे सिद्धबाबा रोड़ हनुमान मंदिर के पास खण्डर मकान में बोरी में एक छोटी बच्ची उम्र लगभग 7-8 घण्टे की रोती बिलखती मिली थी। जिसे अज्ञात खण्डर में छोड गया था बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामले की सूचना समीप ही किराना दुकान संचालक साहिल गुप्ता 25 वर्ष निवासी चुंगी चौकी लालमाटी द्वारका नगर न पुलिस को दी थी ।


**यशभारत**
अखबार समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु अपनी विज्ञप्ति भेजने का व्हाट्सअप नंबर
मो. 7898101227


## थोड़े से जतन ने बढ़ाया वॉटर लेवल, कहीं बूंद-बूंद की किल्लत

### जहां बांध बने, वहां बड़े क्षेत्र में जलस्तर की गिरावट थमी, जहां कोई प्रयास नहीं वहां कुएं सूख रहे

**जबलपुर, यशभारत।**

**भू-जल सर्वेक्षण में एक रिजल्ट सामने आया है कि जिले के 7 ब्लॉक में से एक कुण्डम क्षेत्र में जहां पानी को रोककर डैम बनाए गए, वहां भू-जल स्तर कुछ स्थिर हुआ है। जैम के आसपास के 10 से 15 किलोमीटर के दायरे में कुएं रिचार्ज हो चुके हैं।**



भूमि का जलस्तर पाताल की ओर जाने में ब्रेक लगा है। इससे उलट जहां छोटी नदियों व बरसाती नालों को सहेजने में ध्यान नहीं दिया गया, वहां का जलस्तर नीचे जा रहा है। इसमें बानगी के तौर पर सिहोरा तहसील को लिया जा सकता है, यहां हिरण नदी के सूखने पर आसपास के क्षेत्र में जलस्तर तेजी से लगातार घट रहा है। जिले के भू-जल सर्वेक्षण विभाग ने बीते तीन साल में गर्मियों के सीजन में जो प्री-मानसून सर्वे किया, उसमें पाया गया कि समर सीजन में सिहोरा क्षेत्र में कुओं का जलस्तर 30.176 फीट तक नीचे चला गया है। उधर, कुण्डम क्षेत्र में जलस्तर स्थिर रहकर 16 फीट की सीमा में टिका है। इस तरह एक ओर नदी के सूखने से सिहोरा क्षेत्र को ज्यादा नुकसान हुआ है तो वहीं दूसरी ओर कुण्डम के आसपास डैम बनने से जलस्तर एकदम नीचे जाने से रुका हुआ है।

### ऐसे नापा जाता है जलस्तर

कुओं के जलस्तर को पीजोमीटर से नापा जा रहा है। यह एक उपकरण है जिसका उपयोग किसी कुएं में एक विशिष्ट बिंदु पर भू-जल के दबाव को मापने के लिए किया जाता है। यह कुएं में पानी के स्तर की निगरानी करने में मदद करता है और इसका उपयोग आमतौर पर जल विज्ञान और पर्यावरण विज्ञान में किया जाता है। जल सर्वेक्षण विभाग ने कुण्डम व सिहोरा क्षेत्र में ये मीटर ज्यादा संख्या में लगाए, ताकि जलस्तर की वास्तविकता का पता किया जा सके।

### नहर में पानी नहीं तो वॉटर लेवल नीचे

भू-जल का जो सर्वेक्षण किया गया है उसमें पाया गया कि बरगी की नहर की राइट बैंक कैनाल, लेफ्ट बैंक कैनाल में यदि पानी लगातार छोड़ा जाता है तो इसके आसपास का भू-जल स्तर बेहतर बना रहता है।


## एक साथ एक्टिव कई सिस्टम बदल रहा मौसम

**जबलपुर यश भारत।** पश्चिमी विक्षोभ का असर टर्फ लाइन और साइक्लोनिक सिस्टम सक्रिय होने के कारण मौसम के मिजाज में बदलाव नजर आ रहा है कभी तेज धूप रहती है तो कभी आसमान पर बादल छा जाते हैं कभी एकदम से उमस बढ़ जाती है तो कभी हल्की बूंदाबांदी भी होने लगती है और यह सिलसिला अभी एक-दो दिन और चल सकता है। हालांकि स्थानीय मौसम कार्यालय प्रभारी डीके तिवारी के मुताबिक आने वाले 24 घंटे में जिले में कहीं-कहीं तेज हवाएं चलने और और बारिश की संभावना भी बन रही है। यदि वर्तमान मौसम की बात की जाए तो रविवार को

### गर्मी आंधी बारिश उमस का घालमेल

अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.02 डिग्री दर्ज किया गया था जबकि इस बीच आद्रता 55 प्रतिशत रही। इसके पूर्व शनिवार को अधिकतम तापमान जहां 37.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था जो सामान्य से तीन डिग्री कम था वहीं न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री दर्ज किया गया और यह भी सामान्य से एक डिग्री कम था आज सुबह सोमवार को न्यूनतम तापमान 26.02 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से एक डिग्री कम रहा वही उत्तर पश्चिम से चलने वाली हवाओं की रफ्तार 5 से 6 किलोमीटर प्रति घंटा बनी हुई है और इन्हीं हवाओं के कारण आसमान पर बादलों की आवाजाही दिखाई दे रही है। मौसम कार्यालय प्रभारी की मांने तो आने वाले दिनों में अचानक मौसम में बदलाव भी हो सकता है।


**त्रयोदशी संस्कार**



स्व. मनोरमा तिवारी

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूज्यनीय माता जी श्रीती मनोरमा तिवारी जी का स्वर्गवास दिनांक 30 अप्रैल दिन बुधवार को हो गया है जिनकी आत्मा शांति हेतु गंगाजली पूजन एवं तेरहवीं आज 12 मई सोमवार को होना है। कृप्या पधारकर ब्रम्हलीन आत्मा को शांति प्रदान करें।

कार्यस्थल - जसूजा सिटी फेस 2 धनवंतरी नगर जबलपुर मो. 9630882415

शोकाकुल परिवार
श्रीमती संगीता-हेमन्त तिवारी
पुत्र वधु पुत्र
एवं समस्त तिवारी परिवार

















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा पी.जी. इंन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा. लि. प्लांट 18 इंडस्ट्रियल एरिया रिछाई, जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम विवेकानंद वार्ड जबलपुर से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक प्रवीण अग्रहरि, संपादक अम्बरीष तिवारी*, सलाहकार संपादक श्याम कटारे
RNI No. MPHIN/2007/18675। फोन-2643333 email - jabalpur@yashbharat.co.in। ( *पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2025-27 ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )